26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 11 अप्रैल, 2026

अंक- 166 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# ईरान अपनी शर्तों पर अड़ा

## युद्धविराम वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंचा ईरानी प्रतिनिधिमंडल



**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल युद्धविराम वार्ता के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंच गया है और चेतावनी दी है कि उसकी पूर्व शर्तें पूरी नहीं होने पर वार्ता प्रक्रिया पटरी से उतर सकती है। मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में सुरक्षा, राजनीतिक, सैन्य, आर्थिक और कानूनी समितियों के सदस्य शामिल हैं। यह दल शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंचा। ईरानी प्रतिनिधिमंडल में अन्य अधिकारियों में विदेश मंत्री अब्बास अराघची, सुप्रीम नेशनल डिफेंस काउंसिल के सचिव अली-अकबर अहमदियन, सेंट्रल बैंक के गवर्नर अब्दोलनासेर हेमती, साथ ही संसद के कई सदस्य शामिल हैं। अमेरिका के पक्ष से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, वाशिंगटन के क्षेत्रीय दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार और दामाद जैरेड कुशनर भी इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं।

इससे पहले, श्री ट्रंप ने मंगलवार को ईरान के खिलाफ अमेरिकी हमलों में दो सप्ताह का विराम घोषित किया था, जो इस संघर्ष के दौरान अमेरिका के शामिल होने के 40 दिन बाद आया। श्री ग़ालिबाफ़ ने शुक्रवार को कहा था कि लेबनान में युद्धविराम और ईरान की रोकी गई संपत्तियों की रिहाई, अमेरिका के साथ वार्ता शुरू करने से पहले आवश्यक शर्तें हैं। ईरान द्वारा पेश 10 सूत्री प्रस्ताव को श्री ट्रंप ने वार्ता के लिए कारगर आधार बताया है। इसमें सभी मोर्चों पर आक्रामक कार्रवाई रोकने की शर्त शामिल है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। श्री ट्रंप की घोषणा के बाद हालांकि इज़रायल ने लेबनान पर हमले तेज किये हैं, जिनमें महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। श्री ग़ालिबाफ़ ने इस्लामाबाद पहुंचने पर कहा कि ईरान का अमेरिका के साथ पिछले अनुभव विश्वासपूर्ण नहीं रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक वर्ष से भी कम समय में दो बार, वार्ता के दौरान और ईरान की सद्भावना के बावजूद, अमेरिका ने हम पर हमला किया और कई युद्ध अपराध किए। उन्होंने कहा, हमारे पास सद्भावना है, लेकिन हमें दूसरे पक्ष पर भरोसा नहीं है।

## आर्टेमिस-2 मिशन- चंद्रमा का चक्कर लगाकर लौटे 4 एस्ट्रोनॉट

**वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** नासा ने कहा कि आर्टेमिस II मिशन के तहत चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौट आए हैं। आर्टेमिस II के चालक दल में नासा के अंतरिक्ष यात्री रीड वाइजमैन (कमांडर), विक्टर ग्लोवर (पायलट), क्रिस्टीना कोच (मिशन विशेषज्ञ) और सीएसए के अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन (मिशन विशेषज्ञ) शामिल थे और उन्होंने 10 दिनों के मिशन के बाद सैन डिएगो के तट पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की। नासा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- रीड, विक्टर, क्रिस्टीना और जेरेमी का घर वापसी पर स्वागत है। आर्टेमिस II के अंतरिक्ष यात्री पूर्वी समयानुसार रात 8:07 बजे (भारतीय समयानुसार आज, 11 अप्रैल को सुबह 5:37 बजे) लैंड किए, जिससे चंद्रमा के चारों ओर उनका ऐतिहासिक 10 दिवसीय मिशन समाप्त हो गया। अंतरिक्ष यान को एक अप्रैल की शाम को स्थानीय समयानुसार फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया था। नासा ने छह अप्रैल को बताया कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी से 4,06,000 किलोमीटर से अधिक दूर था।

### आज के युवाओं की सोच और नवाचार देश की दिशा तय करेंगे- राजनाथ

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी/चिंगारी)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा है कि वर्तमान समय उनका है और उनकी सोच, ऊर्जा और नवाचार देश की प्रगति की दिशा तय करेंगे। श्री सिंह शुक्रवार को यहां नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा, आज का युवा देश की सबसे सक्रिय और सक्षम पीढ़ी हैं। नयी शिक्षा और कार्य नीतियों के साथ तालमेल बैठाकर आप भारत को नयी ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

### यूपी में तेजी से बढ़ेगा दिन और रात का तापमान

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** पिछले कुछ दिनों से आंधी,बारिश और ओलावृष्टि की मार झेल रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को अब गर्मी के लिये तैयार होना पड़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले सप्ताह में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने और दिन व रात के तापमान में बढ़ोत्तरी का अनुमान है। विभाग के सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में मौसम शुष्क होते ही दिन में 30-40 किमी/घंटा की गति से चल रही तेज हवाओं का दौर 12 अप्रैल तक जारी रहने के साथ आगामी सप्ताह के दौरान प्रदेश में कोई भी सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में अधिकतम तापमान में 6-8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि सम्भावित है।

## 'खून से सने बैग, बेगुनाहों की तस्वीर...'

### मिनाब स्कूल में मारे गए बच्चों को गलिबाफ का ट्रिब्यूट, प्लेन से दिखाई झलक



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका और ईरान के बीच आज पाकिस्तान के इस्लामाबाद में शांति वार्ता होने वाली है। ऐसे में ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गलिबाफ भी ईरानी डेलीगेशन के साथ पाकिस्तान पहुंचे। इस बीच, गलिबाफ ने एक इमोशनल कर देने वाली फोटो शेयर की है। गलिबाफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्लेन से एक तस्वीर पोस्ट की है। उन्होंने इस्लामाबाद की यात्रा के दौरान मिनाब स्कूल हमले में मारे गए बच्चों को याद किया है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि प्लेन की खाली सीटों पर मिनाब स्कूल हमले में मारे गए बच्चों और पीड़ितों की तस्वीरें और उनका सामान रखा हुआ है। प्लेन की सीटों पर बच्चों की तस्वीरों के साथ-साथ खून से सने स्कूल बैग भी नज़र आ रहे हैं। गलिबाफ ने इन सभी तस्वीरों के सामने सफेद गुलाब रखकर उन 168 बेगुनाह बच्चों को श्रद्धांजलि दी, जो हमले में मारे गए थे। तस्वीर में गलिबाफ तस्वीरों को देखते नज़र आ रहे हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर मायूसी और दर्द साफ झलक रहा है।



2027 विधानसभा चुनाव

# अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर हुए सभी राजनीतिक दल

**लखनऊ, (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में 166 दिनों के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न' (एसआईआर) अभियान के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में दो करोड़ से ज़्यादा नाम डिलीट किये गए हैं। निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया से न सिर्फ़ वोटरों की सूची में व्यापक बदलाव हुआ है, बल्कि इससे राजनीतिक पार्टियों को 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति बदलने को मजबूर कर दिया है।

एसआईआर की प्रक्रिया पर भाजपा, सपा , बसपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में कड़ी नज़र रखी। इन पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को न केवल वोटरों को शहरी इलाकों से गांवों की ओर न जाने के लिए मनाने के काम में लगाया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि ड्राफ़्ट वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने के बाद नए वोटरों के नाम भी दर्ज किए जाएं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यूपी में चलाई गई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी, लोकतंत्र के साथ धोखा और जनता के मताधिकार का सीधा हनन है। पार्टी वर्तमान मतदाता सूची को बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगी।



उन्होंने मांग की कि चुनाव से पहले व्यापक जांच कर सभी 18 वर्ष पूरा कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं।

अगर केंद्रीय चुनाव आयोग यह काम करने में असमर्थ है तो नगर निकायों और ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची को ही विधानसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल किया जाए। दरअसल, 27 अक्टूबर, 2025 से 10 अप्रैल के बीच, वोटर लिस्ट में न सिर्फ़ शहरी इलाकों जिनमें लखनऊ, गाज़ियाबाद, कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, आगरा और प्रयागराज शामिल हैं बल्कि ज़्यादा ग्रामीण आबादी वाले ज़िलों- कन्नौज, बलरामपुर, बदायूँ, बहराइच, फ़र्रुख़ाबाद, सोनभद्र और इटावा में भी वोटरों के नाम हटाए गए।

राज्य के शहरी इलाकों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ माना जाता है, और इन इलाकों ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जिससे विपक्षी समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के जनाधार को नुकसान पहुँचा था।

2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में, BJP ने लखनऊ, गाज़ियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ और प्रयागराज में सबसे ज़्यादा सीटें जीती थीं। अब यह देखना बाकी है कि बड़ी संख्या में वोटरों के नाम हटाए जाने का असर पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर पड़ता है या नहीं। वहीं दूसरी ओर देखें तो ज़्यादा ग्रामीण आबादी वाले ज़िलों को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फ़ॉर्मूले के सहारे, समाजवादी पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में अपनी सीटों की संख्या बढ़ाकर 37 कर ली, और जाति कार्ड खेलकर ज़्यादातर ग्रामीण सीटों पर जीत हासिल की। कन्नौज, इटावा, बदायूं, फर्रुखाबाद और बहराइच में बड़ी संख्या में वोटरों के नाम काटे जाने से स्क्खेमे में चिंता बढ़ने की संभावना है।

## वृंदावन नाव हादसे में लापता पांच लोगो की तलाश दूसरे दिन भी जारी

**मथुरा (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में मथुरा के वृंदावन क्षेत्र में यमुना नदी में नाव पलटने से लापता पांच यात्रियों की तलाश अभी जारी है। शुक्रवार दोपहर हुये हादसे में एक परिवार के सात सदस्यों समेत दस लोगों की मृत्यु हो चुकी है। शनिवार को दूसरे दिन भी सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी हुई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वृंदावन यमुना नदी हादसे में अब तक 10 लोगो की मृत्यु हो चुकी है जबकि 22 लोगो का सफल रेस्क्यू किया जा चुका है। साथ ही लापता पांच लोगो के लिए सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। लुधियाना के जगराओं से आए एक ही परिवार के सात लोग जिनमें मां-बेटे, चाचा-चाची और बुआ-फूफा शामिल हैं मौत के मुंह में समा गए। रेस्क्यू टीम में सेना, एनडीआरएफ और उनकी,8 बोट, साथ ही एसडीआरएफ उसकी पांच बोट और पीएसी समेत 250 लोगों का दल सर्च ऑपरेशन में दिन रात लगा हुआ है। हादसे में जीवित बचे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे श्रद्धालुओं से भरी नाव जुगल घाट से रवाना हुई थी।

## साफ मौसम से किसानों के खिले चेहरे, गेहूं की कटाई में तेजी



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में आज सुबह मौसम साफ रहने से किसानों के चेहरे खिल उठे। पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव और बादलों की आवाजाही के कारण चिंतित किसान आज तेज धूप निकलने से राहत महसूस कर रहे हैं। साफ मौसम का लाभ उठाते हुए किसान गेहूं की कटाई और मड़ाई के कार्य में तेजी से जुट गए हैं। जनपद के विभिन्न गांवों में गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी है। कई स्थानों पर कटाई तेजी से चल रही है, जबकि अन्य जगहों पर कटी फसल की मड़ाई की जा रही है। खेतों में लहलहाती सुनहरी बालियां रबी फसल के अंतिम चरण की ओर संकेत कर रही हैं। सुबह होते ही किसान औजारों और मशीनों के साथ खेतों में पहुंच गए। जहां बड़े किसान हार्वेस्टर मशीनों का उपयोग कर रहे हैं, वहीं छोटे किसान पारंपरिक तरीके से दरांती द्वारा कटाई करते नजर आए।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन के लिए विशेष इंतजाम

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** आध्यात्मिक नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु निरंतर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने सुगम और सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। मंदिर प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। दर्शन के लिये कतार प्रबंधन को अधिक सुव्यवस्थित किया गया है तथा दर्शन प्रक्रिया में गति लाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों और सेवादारों की तैनाती की गई है। भीड़ के सुचारु आवागमन के लिए प्रवेश और निकास मार्गों का स्पष्ट निर्धारण किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए कतार व्यवस्था की निरंतर समीक्षा की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ भीषण गर्मी और भीड़ को देखते हुए पेयजल, छाया और स्वच्छता के समुचित प्रबंध किए गए हैं। मंदिर प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह है कि श्रद्धालु सहजता और शीघ्रता के साथ बाबा विश्वेश्वर के दर्शन कर सकें।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है बिजनौर/धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल मैकेनिक की।

सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# नाबालिग को विवाह मंडप में ले जाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शुक्रवार को पुलिस दी तहरीर में बताया कि 8/9 अप्रैल की रात्रि गांव निवासी युवक टीटू पुत्र सुनील उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर बन्द पड़े एक विवाह मंडप में ले गया, जहां पहले से मौजूद अन्य तीन युवकों रितेश पुत्र चन्द्रपाल सिंह, विशेष पुत्र खूब सिंह, परीक्षित पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला का यह भी आरोप है कि उक्त युवक ने किशोरी को नशीली दवाई दी और कहा कि अपने परिवार को खाने में मिलाकर दे देना। युवक के कहे अनुसार किशोरी ने परिवार को नशे की दवाई खिला दी, जिससे परिवार के सदस्य गहरी नींद सो गए। इस दौरान उक्त युवकों ने उसके घर की अलमारी में रखे आभूषण भी चोरी कर

## 24 घंटे के भीतर तीन आरोपी गिरफ़्तार



आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एएसपी ग्रामीण व सीओ

लिए। महिला का कहना है कि शुक्रवार को उन्हें एक वैवाहिक कार्यक्रम में जाना था जब उसने अलमारी खोली तो उसमें रखे आभूषण गायब थे। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार सिंह व सीओ देश दीपक सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के तीन आरोपियों टीटू, विशेष व परीक्षित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल के लिए बिजनोर भेज दिया है। एसपीआरए प्रकाश कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि फ़रार आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# शेरकोट में मिला बुजुर्ग महिला का शव

**शेरकोट ( चिंगारी )।** आज सुबह एक बुजुर्ग महिला का शव नेशनल हाईवे से कुछ दूरी पर खेतों की ओर जाने वाले रास्ते में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतका का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार आज सुबह कुछ लोग जब अपने खेतों पर जा रहे थे तो उन्हें हाइवे पर स्थित सिंगाई की पुलिया के पास खेतों की ओर जाने वाले रास्ते पर एक बुजुर्ग महिला का शव पड़ा दिखाई दिया, जिससे सनसनी फ़ैल गई। महिला के माथे पर गम्भीर चोट का निशान था और पूरे चेहरे पर खून लगा था। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा आसपास जांच और महिला की तलाशी लिये जाने जाने पर उसके पास मिले कागजात से उसकी पहचान कश्मीरी देवी 71 वर्ष, पत्नी रामवीर सिंह निवासी नई बस्ती, कालागढ़ थाना अफजलगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना देने के उपरांत शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। सूचना पर थाने पहुंचे महिला के परिजनों ने बताया कि कश्मीरी देवी शुक्रवार की सुबह घर से अकेली धामपुर अपने आंख का उपचार कराने धामपुर आयी थी, जो वापस नहीं पहुंची। देर शाम मोबाइल पर कॉल करने पर मोबाइल स्विच ऑफ आया।

## हत्या की आंशका

बुजुर्ग महिला का शव जिस स्थान पर पड़ा हुआ मिला, वो हाइवे से हटकर लगभग 100 मीटर की दूरी पर है। महिला के माथे पर चोट का गहरा दिखाई दे रहा है, जिससे महिला की हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही है। महिला की मौत कैसे हुई ये तो फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता लग पाएगा, लेकिन महिला यहां कैसे पहुंची और उसके सिर में चोट कैसे लगी आदि कई सवाल चर्चा का विषय बने हुए हैं।


धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com



आर.जी.एन.पी. डिग्री कॉलेज, राजा का ताजपुर, बिजनौर ( उ.प्र. )
आवश्यकता है
यू.जी.सी./विश्वविद्यालय मानकों के अनुसार निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित-
* प्राचार्य 01
* स्नातक सभी विषय
* स्नातकोत्तर सभी विषय
इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के भीतर सम्पर्क करें।
ई-मेल : Satyaveersingh454@gmail.com
मोबाइल- 8958928240
प्रबंधक महोदय



Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ



1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## मुख्य विपक्षी दल की सक्रियता

लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कहा जाता है कि विपक्ष अगर मूक हो जाये तो सरकार अंधी हो जाती है। वर्तमान में केन्द्र में कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है और राहुल गांधी लीडर ऑफ अपोजिशन यानी प्रतिपक्ष के नेता हैं और भाजपा सरकार की नाक में दम किये हुए हैं। भाजपा ने विपक्ष को कमजोर करने और राहुल गांधी को 'पप्पू' साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन राहुल गांधी थमने को तैयार नहीं हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस की आक्रामकता संसद से सड़क तक काफी तेजी से दिखती रही है। रसोई गैस हो का मामला हो या एप्स्टीन फाइल का खुलासा, खाड़ी युद्ध में मोदी सरकार की भूमिका हो या एसआईआर का मुद्दा हो या फिर युवाओं/महिलाओं के सवाल हों, सभी जगह राहुल गांधी और कांग्रेस की सक्रियता दिखायी दी है। लोकसभा अध्यक्ष व निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को भी इसी क्रम में देखा जाना चाहिये। हाल ही में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में 'मनरेगा बचाओ अभियान' की व्यापक आंदोलनात्मक रणनीति की घोषणा की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी इस फैसले के विरोध में सड़कों से लेकर संसद तक उसी प्रकार आंदोलन करेगी जैसा तीन नए कृषि कानूनों को लेकर हुआ था जिससे केन्द्र सरकार को मजबूर होकर इनको वापस लेना पड़ा था। केन्द्र सरकार ने कांग्रेस नीत संप्रग सरकार द्वारा 2005 में लागू महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदल कर वी बी जी राम जी कानून पास किया है। इस कानून के माध्यम से मनरेगा की प्रकृति पूरी तरह उलट दी गई है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मनरेगा को खत्म करने का फैसला सीधे पीएमओ से लिया गया और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक से कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। उनका कहना है कि यह फैसला देश के संघीय ढांचे पर हमला तथा सत्ता और आर्थिक व्यवस्था का केन्द्रीकरण है। इससे लोगों से मिला काम करने का अधिकार छीना जा रहा है तथा राज्यों की अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ डाला जा रहा है। कुल मिलाकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का प्रयास है कि जनता में यह संदेश जाये कि उसके अधिकारों की रक्षा के लिये मुख्य विपक्षी दल अपनी भूमिका को पूरी सक्रियता और संजीदगी के साथ निभा रहा है।

# 'मामात्व' की राजनीति

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का 'मामा' वाला राजनीतिक अवतार एक अनोखे शासन मॉडल को दर्शाता है, जिसमें नकद सहायता और रिश्तेदारी की भाषा का मिश्रण दिखाई देता है। वे खुद को एक सख्त लेकिन दयालु परिवार प्रमुख के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जो तय करते हैं कि कौन 'अपना' है और कौन नहीं। हालांकि, इस 'मामात्व' की भी अपनी सीमाएं हैं।



### कैश ट्रांसफर और रिश्तों की राजनीति

हाल ही में असम में महिलाओं को बड़े पैमाने पर नकद सहायता दी गई। करीब 98 लाख महिलाओं को उनके बैंक खातों में सीधी मदद पहुंचाई गई। यह भुगतान 'उपहार' (गिफ्ट) के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे 'मामा' यानी मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया बताया गया।

इस मॉडल में जब पैसा किसी महिला के खाते में पहुंचता है, तो उसे केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक रिश्ते के रूप में देखा जाता है। परिवार और समाज में इस मदद को 'भेंट' और 'अधिकार' दोनों के रूप में समझा जाता है।

### गांव, समाज और राज्य का मिश्रण

सरमा का शासन मॉडल गांव, समुदाय और राज्य के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करता है। असम में धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों को भी सामाजिक नीति के साथ जोड़ा गया है।

यह मॉडल स्थानीय परंपराओं और सामाजिक संरचना के साथ मेल खाता है, लेकिन यह भी सच है कि इससे कुछ समुदाय खुद को बाहर महसूस कर सकते हैं। विशेषकर भाषाई और सामाजिक पहचान के आधार पर विभाजन की संभावना बनी रहती है।

### सुरक्षा और नियंत्रण का दोहरा पहलू

पूर्वोत्तर भारत में 'मामा' शब्द सिर्फ रिश्ते के लिए ही नहीं, बल्कि पुलिस और प्रशासन के लिए भी इस्तेमाल होता है। ऐसे में सुरक्षा और नियंत्रण के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है।

यह मॉडल लोगों को जोड़ता भी है और कभी-कभी डर या नियंत्रण का माध्यम भी बन सकता है। यानी यह एक दोधारी तलवार की तरह है।

**केंद्र की भूमिका और राजनीतिक लाभ**

असम के बजट का बड़ा हिस्सा केंद्र सरकार से आता है। इस वजह से राज्य में चल रही योजनाओं का श्रेय स्थानीय नेतृत्व को मिलता है, जबकि संसाधन राष्ट्रीय स्तर से आते हैं।

इस व्यवस्था में मुख्यमंत्री एक महत्वपूर्ण कड़ी बन जाते हैं, जो केंद्र और राज्य के बीच सेतु का काम करते हैं।

### विपक्ष के लिए चुनौती


यह 'मामा मॉडल' विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। कांग्रेस और अन्य दल सीधे तौर पर इन नकद योजनाओं का विरोध नहीं कर सकते, क्योंकि इससे जनता में नाराज़गी हो सकती है हालांकि, वे इसे भ्रष्टाचार या राजनीतिक लाभ के रूप में पेश करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन इससे जनता के बीच गलत संदेश जाने का जोखिम भी रहता है।

### भविष्य की चुनौती

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते हैं, इस तरह की योजनाओं की मांग और बढ़ सकती है। इससे सरकार पर वित्तीय दबाव भी बढ़ेगा। फिलहाल, हिमंत बिस्वा सरमा का 'मामा' मॉडल असम में प्रभावी नजर आता है, लेकिन लंबे समय में इसकी स्थिरता और असर पर सवाल बने रहेंगे। **-खुर्रम**

# 'असफलता से सीख-ज़िंदगी का सबसे बड़ा शिक्षक'

जीवन में हर व्यक्ति सफलता पाना चाहता है, लेकिन सफलता का रास्ता अक्सर असफलताओं से होकर गुजरता है। असफलता वह स्थिति है, जब हमारी मेहनत के बावजूद हमें मनचाहा परिणाम नहीं मिलता। आमतौर पर लोग असफलता से डरते हैं और इसे अपने जीवन की कमजोरी मान लेते हैं, लेकिन वास्तव में असफलता ही वह सबसे बड़ा शिक्षक है, जो हमें सही दिशा दिखाती है।



**असफलता हमें हमारी गलतियों का एहसास कराती है। जब हम किसी काम में असफल होते हैं, तो हमें यह समझ आता है कि हमने कहां गलती की और आगे क्या सुधार करना चाहिए। यही सीख हमें दोबारा वही गलती करने से बचाती है। इस तरह, असफलता हमारे अनुभव को बढ़ाती है और हमें अधिक समझदार बनाती है।**

इसके अलावा, असफलता हमें धैर्य और साहस सिखाती है। जब हम बार-बार कोशिश करते हैं और फिर भी सफलता नहीं मिलती, तो हमारे अंदर संघर्ष करने की शक्ति विकसित होती है। यह शक्ति हमें मजबूत बनाती है और जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करती है, जो लोग असफलता से घबराकर हार मान लेते हैं, वे कभी आगे नहीं बढ़ पाते, जबकि जो लोग उससे सीखते हैं, वही अंततः सफलता हासिल करते हैं।

इतिहास गवाह है कि कई महान व्यक्तियों ने अपनी असफलताओं से सीखकर ही बड़ी सफलता प्राप्त की है। वैज्ञानिक, खिलाड़ी और नेता सभी ने अपने जीवन में कई बार असफलता का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने हर असफलता को एक नई सीख के रूप में लिया और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे।

असफलता हमें विनम्र भी बनाती है। यह हमें सिखाती है कि सफलता केवल हमारे प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि कई परिस्थितियों पर भी निर्भर करती है। इससे हमारे अंदर दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ बढ़ती है।

असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। यह हमें मजबूत, समझदार और आत्मविश्वासी बनाती है, इसलिए हमें असफलता से डरने के बजाय उसे अपनाना चाहिए और उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। वास्तव में, असफलता ही ज़िंदगी का सबसे बड़ा शिक्षक है, जो हमें सफलता की सही राह दिखाता है। **- मिस अली**

**प्रेरक-प्रसंग**

## किसी को सुविधाएं देने से अच्छा है कि अच्छे संस्कार दिये जाएं

जीसस एक गांव से गुजर रहे थे, उन्होंने देखा कि एक महिला बहुत तेजी से गुजर रही थी। उसके पीछे एक व्यक्ति पागलों की तरह भाग रहा था। जीसस उन दोनों को जानते नहीं थे, लेकिन उन्होंने सोचा कि महिला भाग रही है और पीछे पुरुष है तो कोई अनर्थ न हो जाए। ऐसा सोचकर जीसस ने उस व्यक्ति को रोका और कहा, तुम ये क्या कर रहे हो? ये बोलते हुए जैसे ही जीसस ने व्यक्ति को देखा तो उन्हें याद आया कि करीब दो साल पहले इसी गांव में ये आदमी मुझे मिला था। ये देख नहीं सकता था। उस समय इसने मुझसे प्रार्थना की थी मैं देख सकूं, ऐसा कुछ कर दीजिए। जीसस ने उस व्यक्ति से कहा, मैंने ईश्वर से प्रार्थना की थी कि तुम्हें ज्योति मिल जाए और ईश्वर ने मेरी प्रार्थना सुनकर तुम पर कृपा भी की। उसी वरदान के प्रभाव से तुम देख पा रहे हो। आज तुम इस औरत के पीछे दौड़ रहे हो, कौन है ये औरत? व्यक्ति ने कहा, ये औरत एक वैश्या है और मैं इसे पाना चाहता हूं। ये बात सुनकर जीसस बोले, ये तुम क्या कर रहे हो? आंखों की ज्योति का ऐसा दुरुपयोग?

# जनता के प्रति जवाबदेह रहें अधिकारी, बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही : अश्विनी त्यागी

## विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति ने अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी जतायी




**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के सभापति अश्विनी त्यागी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार, बिजनौर में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विकास कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा सरकारी नियमों एवं विनियमों के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिला आबकारी अधिकारी और अधिशासी अभियंता जल निगम के बिना अनुमति मुख्यालय छोड़कर अनुपस्थित रहने तथा उनके स्थान पर अधीनस्थ अधिकारियों के उपस्थित होने पर सभापति ने कड़ी नाराज़गी जताई और उनके विरुद्ध शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिये।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाए जाएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी टीबी मरीज पोषण पोटली से वंचित न रहे तथा संबंधित लाभार्थियों और सहयोगी संस्थाओं की सूची उपलब्ध कराई जाए।

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने और जिम कॉर्बेट के समीपवर्ती क्षेत्र को आय का स्रोत बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। बेसिक शिक्षा विभाग को नामांकन बढ़ाने के साथ शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने तथा लापरवाह शिक्षकों से स्पष्टीकरण लेने को कहा गया। समाज कल्याण विभाग को पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने और विद्युत विभाग को नियमित त्रैमासिक बैठक कर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये गये।

सभापति श्री त्यागी ने कहा कि अधिकारी जनता के प्रति जवाबदेह रहें और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में वर्ष 2024 से अब तक जनप्रतिनिधियों के पत्रों, विकास कार्यों के प्रस्तावों, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, प्रोटोकॉल अनुपालन तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अब तक की गई प्रगति की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का पालन समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कल्पवृक्ष 2026 : दूसरे दिन शूटिंग सहित कई प्रतियोगिताएं हुईं



निशाना साधकर शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए डा. नीरज चौधरी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेज़ेस में चल रहे तीन दिवसीय कल्पवृक्ष-2026 समारोह के दूसरे दिन शूटिंग चैंपियनशिप का डॉ. नीरज चौधरी, राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप तथा रालोद छात्र संघ के जिला अध्यक्ष परितोष चंदेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह व शूटिंग रेंज इंचार्ज शमीम अहमद व डीन राजीव कुमार, रजिस्ट्रार अमित कुमार, विभागाध्यक्ष संदीप सिंह, मौहम्मद जाहिद परीक्षा नियंत्रक आदि मौजूद रहे।

10 मीटर एयर पिस्टल व राइफल में 38 शूटरों ने प्रतिभाग किया। 10 मीटर राइफल में यश कुमार रूट्स स्कूल नूरपुर व शगुन 10 मीटर एयर पिस्टल में अथर्व शेरावत डीपीएस स्कूल बिजनौर, शिवम कुमार वीकेआईटी बिजनौर, नक्श मलिक डीपीएस बिजनौर, कर्तव्य तोमर, एकलव्य शूटिंग रेंज ओपन साइड राइफल में विधान रिहान शिक्षा सदन स्कूल मीरपुर ने प्रतिभाग किया। समारोह के दूसरे दिन क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, डॉर्ट खेल, आर्ट गैलरी, फायरलेस कूकिंग आदि का आयोजन किया गया।

समारोह को सफल बनाने में डीन राजीव कुमार, रजिस्ट्रार अमित कुमार, विभागाध्यक्ष संदीप सिंह, मौ. ज़ाहिद, नागेन्द्र सिंह, नरदेव सिंह, अमित चैधरी, बिरेन्द्र, संसार सिंह, मौ. बिलाल, गाज़ी अब्बास, नावेद, सचिन कुमार, मुनेश कुमार, साहिबा, सीमा, मानसी चौधरी, तबस्सुम, सलोनी, ज्योति, मिनाक्षी, रोहित कुमार, मौ. जुबैर, मौ. विसाल, असमा परवीन, शाईस्ता, हिमांशी, नितिन कुमार, दीपक काकरान, गौरव कुमार, अरविंद कुमार, दीपक कुमार आदि समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## अभय प्रताप को सम्मानित किया



**नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम मटौरा दर्गा के अभय प्रताप सिंह को पूर्व सांसद इंजी.यशवीर धोबी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने अन्य युवाओं से भी अभय से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस पर अभय प्रताप सिंह के माता-पिता की उपस्थिति रही। बता दें कि अभय प्रताप सिंह ने यूपी पीसीएस परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त कर नहटौर क्षेत्र व बिजनौर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।**

## बिजनौर में 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा अग्नि सुरक्षा सप्ताह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में बढ़ते अग्निकांडों की रोकथाम एवं भीषण घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के उद्देश्य से 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न माध्यमों से आम जनता को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस वर्ष अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ निर्धारित की गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घरों और कार्यस्थलों पर अग्निशमन यंत्र अवश्य रखें तथा सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करें। साथ ही, सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें।

## फार्मेसी के छात्रों ने किया केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान का भ्रमण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के छात्र/छात्राओं ने लखनऊ स्थित भारत के एकमात्र केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान का शैक्षिक भ्रमण किया। यहां के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों द्वारा छात्र/छात्राओं की जिज्ञासा को शान्त किया गया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजीव यादव ने अनुसंधान में चल रहे कार्य तथा नई औषधी प्रणाली से छात्र/छात्राओं को अवगत कराया। विवेक विश्वविद्यालय के फैकल्टी मेम्बर्स डॉ. रिजवान अहमद (ट्रेनिंग/प्लेसमेन्ट इंचार्ज), डा. छवि वर्मा, अभय प्रताप सिंह एवं सलोनी शर्मा के नेतृत्व में 38 छात्र/छात्राओं का एक दल लखनऊ गया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान, सीएसआईआर स्थापना से वर्तमान में केन्द्रीय अनुसंधान द्वारा, छात्र/छात्राओं को विभिन्न विभागों में चल रहे शोध के बारे में प्रकाश डाला तथा छात्र/छात्राओं को फार्मास्यूटिक्स लैब, फार्माकॉलोजी एवं फार्माकोकाइनेटिक्स लैब का भ्रमण कराया। साथ ही ड्रग सेफ्टी, ड्रग हाफ-लाइफ एवं एनीमल स्टडीज के विषय में विस्तृत जानकारी दी। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. नरेश गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों में नवाचार की भावना को बढ़ाते हैं। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर दीपक मित्तल ने बताया कि फार्मेसी कोर्स के विद्यार्थियों के लिये इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण उनके कैरियर में बहुत ही महत्वपूर्ण एवं लाभदायक सिद्ध होंगे। विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल ने कहा कि इस विजिट का उद्देश्य छात्र/छात्राओं को औषधी संस्थान की नवीनतम शोध प्रणाली से अवगत कराना है। इससे छात्र /छात्राओं का फार्मेसी के क्षेत्र में ज्ञान बढ़ेगा।

# मोरना में गन्ना समिति के खाद गोदाम का भव्य शुभारम्भ

## विधायक अशोक राणा ने कहा- क्षेत्र के किसानों को मिलेगा भरपूर लाभ



**धामपुर ( चिंगारी )।** 10 अप्रैल का दिन क्षेत्रीय विकास और किसानों की समृद्धि की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में अंकित हो गया, जब सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर, जनपद बिजनौर के अंतर्गत ग्राम मोरना में नवनिर्मित खाद गोदाम का शुभारंभ विधायक श्री अशोक कुमार राणा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर गन्ना समिति के चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह, सभी डायरेक्टर, क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक बंधु एवं ग्राम मोरना सहित आसपास के ग्रामों से भारी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर इस आयोजन को भव्यता प्रदान की। चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ने कहा कि यह खाद गोदाम केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय किसानों के सशक्तिकरण, उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं कृषि विकास की नई दिशा का प्रतीक है। इस गोदाम के शुभारंभ से मोरना संचालक क्षेत्र के लगभग 30 गांवों के किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक अशोक राणा ने गन्ना समिति धामपुर के संचालक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि अब किसानों को खाद, उर्वरक एवं विभिन्न कृषि उपयोगी दवाइयां सुलभता से उपलब्ध हो सकेंगी, वह भी लगभग 50 प्रतिशत तक की रियायती दरों पर। इससे न केवल किसानों की लागत में कमी आएगी, बल्कि उनकी उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। श्री राणा ने कहा कि चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह का यह प्रयास क्षेत्र के कृषकों के हितों के प्रति उनकी संवेदनशीलता एवं समर्पण का परिचायक है। यह पहल निश्चित रूप से किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी। चेयरमैन रामवीर सिंह ने विधायक श्री अशोक राणा, समिति के डायरेक्टर्स, किसानों व ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

# नैनीताल में रोडवेज बस स्टेशन के लिए जमीन तलाशने की कवायद शुरू

**भीमताल ( चिंगारी )।** शहर में रोडवेज स्टेशन खोलने की मांग को लेकर प्रशासन ने जमीन तलाशना शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर परिवहन और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भीमताल शहर में संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी लंबे समय से उक्त मामले को लेकर मुखर थे जिसके बाद प्रशासन ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। बृजवासी ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रोडवेज स्टेशन की मांग की थी । निरीक्षण के दौरान मत्स्य विभाग के समीप जमीन तलाशी गई, और मामला मत्स्य विभाग से हस्तांतरण हेतु परिवहन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने रिपोर्ट जिला प्रशासन को प्रेषित की। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने अधिकारियों से आपसी समन्वयन बनाकर शहर की मुख्य मांग रोडवेज स्टेशन को धरातल पर शीघ्र उतारने की अपील की। इस दौरान हेम गुणवंत, नरेश वर्मा, प्रभात मेहरा, सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी व प्रदीप कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।



# डॉ. अम्बेडकर का जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत : खंडूडी

## राजकीय महाविद्यालय में गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग की ओर से डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है, जिसके कारण आज देश में सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं। कहा कि समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए उनके सिद्धांतों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान इतिहास विभाग के प्राध्यापकों द्वारा भी डॉ. अम्बेडकर के जीवन, उनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य सहित समस्त प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# किशोरियों को लगाई सर्वाइकल कैंसर विरोधी वैक्सीन



**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील क्षेत्र की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए धामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत 14 वर्ष तक की किशोरियों को निशुल्क सर्वाइकल वैक्सीन लगाई जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सक डॉक्टर बीके सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अंकित कुमार ने बताया कि सरकार ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कराया है। इससे पहले यह सुविधा केवल निजी अस्पतालों तक ही सीमित था। इस सर्वाइकल टीके की कीमत ज्यादा होने के कारण आम लोगों की पहुंच से बहुत दूर था। उन्होंने बताया कि अब सरकार की इस योजना से अधिक से अधिक किशोरियां लाभान्वित होंगी। भविष्य में इस गंभीर बीमारी को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। धामपुर पीएचसी में यह टीकाकरण हर दिन सुबह 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि बेटियों को समय पर पीएचसी लाकर टीका जरूर लगवायें।

# हसगुल्ले

✦ **रमेश :** मोहब्बत की दोनों निशानियां आगरा में ही हैं।

**सुरेश :** वह कैसे?

**रमेश :** मोहब्बत पूरी हो गई तो ताजमहल, अधूरी रह गई, तो पागल खाना।

✦✦✦✦

✦ **पप्पू** को फायर बिग्रेड में नौकरी मिल गई, एक महिला ने फोन किया, 'हैलो, मेरे घर में आग लग गई और सब कुछ जल रहा है।'

**पप्पू :** क्या आपने पानी डाला?

**महिला :** हां, लेकिन फिर भी आग नहीं बुझी, आप जल्दी आ जाओ।

**पप्पू :** पगली, फिर हम वहां आकर क्या करेंगे? हम भी तो पानी ही डालेंगे।

✦✦✦✦

✦ **मरीज :** डॉक्टर साहब, जब मैं सोता हूं, तो सपने में बंदर फुटबाल खेलते हैं।

**डॉक्टर :** कोई बात नहीं, यह गोली रात को खा लेना।

मरीज : कल से खाऊंगा डॉक्टर साहब, आज तो 'फाइनल' है।

# एमकेवीएन स्कूल का स्थापना दिवस मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एमकेवीएन ग्रुप के दुर्गापुरी स्थित स्कूल में स्कूल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन व पूजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चंद्र कोठारी ने कहा कि 9 अप्रैल 2024 को स्थापित इस विद्यालय ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में नया पड़ाव हासिल किया है। कहा कि स्कूल का उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है। कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी ने कहा कि विद्यालय अभिभावकों के विश्वास व अध्यापकों की समर्पण भावना से अपने लक्ष्य निरंतर प्राप्त कर रहा है और हमें विश्वास है कि अभिभावकों का यह विश्वास भविष्य में भी बना रहेगा। तत्पश्चात हवन के उपरांत सभी बच्चों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर अशोक जखमोला, ममता नेगी और स्वाति ध्यानी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# चार धाम यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने के लिए मॉक अभ्यास आयोजित किया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** चारधाम यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं एवं आकस्मिक परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा जनपद देहरादून में व्यापक स्तर पर मॉक अभ्यास आयोजित किया गया। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए एवं उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यूएसडीएमए के तत्वावधान में चार प्रमुख स्थानों पर एक साथ संचालित किया गया। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से विभिन्न आपदा परिदृश्यों की सूचना प्रसारित की गई। इसके अंतर्गत ऋषिकेश यात्रा ट्रांजिट कैंप में आग लगने, मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट जारी होने के बाद तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ जुटने तथा देहरादून स्थित रिस्पना नदी में बादल फटने से आई बाढ़ के कारण सपेरा बस्ती क्षेत्र में जनहानि व क्षति की सूचना शामिल रही। साथ ही गांधी शताब्दी अस्पताल में घायलों के उपचार संबंधी व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी, रिस्पांसिबल ऑफिसर सविन बंसल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. के.के. मिश्रा ने कंट्रोल रूम की कमान संभालते हुए सभी इंसीडेंट कमांडरों को तत्काल स्टेजिंग एरिया से रेस्क्यू टीमों को घटना स्थल के लिए रवाना करने के निर्देश दिये। निर्देशों के अनुरूप टीमें त्वरित गति से घटनास्थलों पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया।

मॉक अभ्यास के दौरान कंट्रोल रूम में अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) के.के. मिश्रा, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल, सीईओ वीके ढौंडियाल, डीपीओ जीतेन्द्र कुमार, डीआईओ एनआईसी अंकुश पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ऋषभ कुमार सहित आर्मी, आईटीबीपी, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, होमगार्ड, अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



मॉक अभ्यास के दौरान कंट्रोल रूम में उपस्थित अधिकारी।

# फ़र्ज़ी दरोगा बनकर की रिश्ते की बात पोल खुली तो पहुंचा हवालात

**नगीना ( चिंगारी )।** फर्जी दरोगा बनकर एक युवती से रिश्ता करना एक युवक को उस समय भारी पड़ गया, जब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पिता ने थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा कि उसने अपनी बिटिया की शादी के लिए क्षेत्र के ग्राम बिंजाहेड़ी निवासी अवनीश कुमार को देखा था। आरोप है की रिश्ते की बातचीत के समय अवनीश कुमार ने खुद को पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर थाना सिंभावली, जनपद हापुड़ में तैनात होना बताया था। कहा गया कि अवनीश कुमार व उसके परिजनों की बातों पर विश्वास करते हुए उन्होंने अपनी पुत्री का रिश्ता उससे तय कर दिया। यह भी आरोप लगाया गया कि बीच-बीच में अवनीश उनसे रुपए लेता रहा तो उन्हें उसके पुलिस विभाग में होने पर शक पैदा हो गया। छानबीन करने पर पता चला कि अवनीश दरोगा नहीं है तथा उसने फर्जी व जाली कागजात तैयार कर रखे हैं तथा फर्जी



आरोपी अवनीश

कागजातों के आधार पर धोखाधड़ी करके शादी करना चाहता था। आरोप लगाया गया कि वह लोग हापुड़ पुलिस लाइन पहुंचे तो अवनीश दरोगा की वर्दी पहने हुए उनके सामने आया तथा उसने फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिखाया। यह भी कहा गया कि नियुक्ति पत्र की व अन्य चीजों की हापुड़ पुलिस लाइन में जानकारी की गई हो पता चला यह सब चीज फर्जी है तथा अवनीश कुमार पुलिस विभाग में दरोगा के पद पर कहीं भी कार्यरत नहीं है। अवनीश कुमार के फर्जी दरोगा की बात सामने आने पर वह उसके परिजनों से मिले तथा रिश्ता खत्म करने की बात कहते हुए रिश्ते में दिया गया सामान वापस देने की मांग की। आरोप लगाया गया की गणमान्य लोगों की मौजूदगी में फैसले के दौरान कुछ सामान और व रुपये तो वापस मिल गए, लेकिन 2,78,170 रुपये की रकम वापस नहीं मिली। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# द हेजलमून स्कूल में पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन




**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें बाल वाटिका (प्ले से कक्षा दो) के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने नई शिक्षा नीति में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों को बच्चों के समग्र विकास के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन निहारिका शर्मा ने अभिभावकों को प्रभावी पैरेंटिंग के महत्वपूर्ण टिप्स दिए तथा लेखन कौशल को बेहतर बनाने के उपाय साझा किए।

# अवैध शस्त्र व कारतूसों के साथ चार गिरफ़्तार

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शास्त्रों के निर्माण, बिक्री,परिवहन व अपने पास रखने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बढ़ापुर पुलिस ने सफलता अर्जित करते हुए चार अभियुक्तों को अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की रात्रि उपनिरीक्षक विनोद कुमार व विकास कुमार के नेतृत्व में थाना बढ़ापुर पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के रामगंगा नदी खादर क्षेत्र में चार अभियुक्तों को एक डबल बैरल बंदूक 12 बोर, एक तमंचा 315 बोर, एक चाकू रामपुरी, 14 जिंदा कारतूस 12 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर तथा 27 जिंदा कारतूस 32 बोर के साथ उस समय गिरफ्तार किया है, जब यह किसी घटना को अंजाम देने जा रहे थे। गिरफ्तार अभिक्तों ने अपने नाम मनदीप सिंह पुत्र हरभजन सिंह, गुरप्रीत सिंह पुत्र निर्मल सिंह निवासी मानपुर रोड, कस्बा व थाना कोतवाली काशीपुर, जनपद उधम सिंह नगर, अमरजीत सिंह उर्फ ठाकुर पुत्र कश्मीर सिंह गांव भोगपुर थाना बढ़ापुर तथा इस्मीत सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी बड़ा गुरुद्वारा कस्बा व थाना काशीपुर जनपद उधम सिंह बताये। पुलिस ने गिरफ्तार चारों अभियुक्तों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 3/4/25/29 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर चारों अभियुक्तों का चालान कर दिया है।



# कविराज को फिर सौंपी गयी बसपा की कमान

**डेढ़ माह में ही बसपा हाईकमान ने बदला अपना फैसला**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी हाईकमान ने एक बार फिर जिले की कमान कविराज को सौंपी है। महज डेढ़ माह के भीतर हुए इस बदलाव ने संगठन में हलचल पैदा कर दी है। गौरतलब हो कि फरवरी माह में बसपा हाईकमान ने रोहताश सिंह को पद से हटाकर डीपी सिंह रवि को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन अब अचानक उन्हें हटाकर दोबारा कविराज को यह जिम्मेदारी दे दी गई है। कविराज वर्ष 2024 में पार्टी का नेतृत्व संभाल चुके हैं और उन्हें संगठन का अनुभव है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी तैयारियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। नया दायित्व मिलने पर कविराज ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे।

# अरुण कुमार उर्फ़ रोनी बसपा से निष्कासित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बसपा की जिला इकाई ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते अरुण कुमार उर्फ रोनी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। बसपा जिलाध्यक्ष की ओर से जारी बयान में बताया गया कि अरुण कुमार उर्फ रोनी निवासी बिजनौर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे थे। उनके व्यवहार को लेकर संगठन के भीतर अनुशासनहीनता की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही थीं। अरुण कुमार को कई बार चेतावनी देकर कार्यशैली में सुधार लाने का अवसर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद उनके रवैये में कोई बदलाव नहीं आया, जिसके चलते जिला इकाई ने संगठन और पार्टी हित को प्राथमिकता देते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया।

# विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति ने किया अमानगढ़ का भ्रमण

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** उ.प्र. विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति ने शुक्रवार को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया का भ्रमण किया। अमानगढ़ पहुंचे समिति के सभापति अश्वनी त्यागी एवं दर्जन भर से अधिक सदस्यों ने जिप्सी में सवार होकर अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी भी की। सफारी के दौरान उन्होंने यहां की प्राकृतिक सुंदरता को सराहा और इस मौके पर मौजूद डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा, तहसीलदार धामपुर धनंजय सिंह एवं अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर सहित उपस्थित वनाधिकारियों को पर्यटकों के लिए और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विदित हो कि विधान परिषद की यह विनियमन समीक्षा समिति विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति, शासनादेशों के पालन और विकास कार्यों की समीक्षा का कार्य करती है।



# गैस बुकिंग का समय 45 दिन से घटाकर 25 दिन कराये जाने की मांग



सांसद चन्द्रशेखर को ज्ञापन सौंपा

**शेरकोट ( चिंगारी )।** सामाजिक कार्यकर्ता सरदार ख्वाजा ने सांसद चन्द्र शेखर आजाद को ज्ञापन देकर नगर में शहरी क्षेत्र की भांति गैस बुकिंग का समय 45 दिन से घटाकर 25 दिन कराकर शेरकोटवासियों को राहत पहुंचाने की मांग की है।

बुधवार की रात सरदार ख्वाजा ने अपने साथियों के साथ सांसद चन्द्र शेखर आजाद से उनके धामपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सांसद को नगर में हो रही किल्लत से अवगत कराते हुए बताया कि लगभग एक लाख की आबादी वाले ब्रुश नगरी के नाम से विख्यात शेरकोटवासियों से नगर की तर्ज पर टैक्स वसूली की जाती है, परंतु कुकिंग गैस संकट के चलते नगर की एक मात्र गैस एजंसी से जुड़े उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग का समय ग्रामीण क्षेत्र की भांति 45 दिन निर्धारित किये जाने से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर आरिफ ख्वाजा, रियासत हुसैन नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा शेरकोट, पप्पू कुरैशी पूर्व सभासद, युनुस अंसारी, इम्तियाज अहमद, खुर्शीद अहमद, आसिफ प्रधान, आसिफ अंसारी आदि मौजूद रहे। कुकिंग गैस की किल्लत के चलते शेरकोट में गैस बुकिंग का समय ग्रामीण क्षेत्र की श्रेणी में रखकर 45 दिन किये जाने से नागरिकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# विधायक ने वादा निभाया, बिजली के खम्बे लगाने का कार्य शुरू कराया



मौके पर मौजूद विधायक हाजी तसलीम अहमद व बिजली अधिकारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। गत वर्ष नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद द्वारा लोगों की समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को मालन नदी में नए पोल लगाने व विद्युत लाइन बनाने की योजना हेतु प्रस्ताव भेजा गया था। जिसके लिए शासन से इस कार्य हेतु 46 लाख रुपये स्वीकृत हो गए थे। शुक्रवार को नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने बताया कि यह कार्य उन्होंने मौके पर पहुंचकर शुरू करवाया है। इस कार्य में 56 विशाल विद्युत खंबों के माध्यम से लगभग 2 किलोमीटर लंबी नई विद्युत लाइन बनेगी। आने वाले 15-20 दिनों में यह कार्य पूर्ण हो जाएगा। इसके निर्माण से कस्बा साहनपुर, नजीबाबाद के मौहल्ला संतोमालन, रम्पुरा, वाहिदनगर, बांसफोड़ान, विजयनगर, मोटाआम आदि क्षेत्र के लगभग 18000 विद्युत उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। ज्ञात हो कि मालन नदी में पानी का तेज बहाव आने से बार-बार उसमे खड़े विद्युत खंभे पानी के साथ बह जाते थे। जिससे इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति कई दिन तक बंद रहती थी। अब इस निर्माण से यह समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। जनता को वर्षा के समय होने वाली विद्युत कटौती से निजात मिलेगी। उल्लेखनीय है कि विधायक हाजी तसलीम ने पिछले काफी वर्षों से चल रही इस समस्या को देखते हुए क्षेत्र के लोगों से इसे हल कराने का वादा किया था। विधायक ने अपना वादा निभाते हुए इसका कार्य शुरू करा दिया है। इस मौके पर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र कुमार, उपखण्ड अधिकारी प्रथम शम्भूनाथ, उपखण्ड अधिकारी शहरी गवेंद्र सिंह, राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रोजेक्ट इंजीनियर विनोद उनियाल सहित ठेकेदार उपस्थित रहे।



बूथ पर मतदाता सूची देखते बीएलओ।

## बूथ पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज नजीबाबाद में बूथ लेबल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। नजीबाबाद में बूथ संख्या 251, 252, 253 व 254 पर सभी बीएलओ.द्वारा मतदाताओं की उपस्थिति में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज नजीबाबाद मतदाता केंद्र में आमिर अली (बीएलओ), गुलिस्तान अहमद सैफी, बृजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, मुनेश कुमार, सलमा, ओमवती आदि बीएलओ के साथ कॉलेज का समस्त स्टॉफ व मतदाता उपस्थित हुये।

## बार काउंसिल ने नजीबाबाद के तीन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद ने नगर के तीन अधिवक्ताओं धीरेंद्र सिंह, जितेंद्र राजपूत व अजय गोयल एडवोकेट का विधिक लाइसेंस निरस्त कर दिया है। अब उक्त अधिवक्ता 5 साल तक वकालत नहीं कर सकेगे। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा पंकज विश्नोई अधिवक्ता नजीबाबाद की शिकायत पर धीरेंद्र सिंह एडवोकेट, जितेंद्र राजपूत एडवोकेट तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गोयल का विधिक लाइसेंस 5 वर्षों के लिए निरस्त कर दिया गया है। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद से प्राप्त आदेश के अनुसार बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ एवं स्पेशल जांच कमेटी के अध्यक्ष इमरान माबूद खान व पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आदेश की अवहेलना किए जाने पर अनुशासन समिति बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के अध्यक्ष व चेयरमैन हरिशंकर सिंह द्वारा पंकज बिश्नोई की शिकायत की जांच के उपरांत उपरोक्त तीनों अधिवक्ताओं को मिस्कन्डक्ट किए जाने का दोषी पाते हुए तीनों अधिवक्ताओं का विधिक लाइसेंस 5 वर्ष के लिए निरस्त करते हुए पूरे भारतवर्ष में कहीं पर भी पांच साल तक वकालत करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस आदेश की अवहेलना करने पर उपरोक्त तीनों अधिवक्ताओं के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराकर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश के प्रति जिला जज बिजनौर, जिलाधिकारी बिजनौर, पुलिस अधीक्षक बिजनौर एवं संबंधित अधिवक्ताओं को प्रेषित की जा चुकी है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना पुलिस के अनुसार आठ अप्रैल 2026 को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मौहल्ला वाहिदनगर निवासी शयान पुत्र कातिब ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया। इतना ही नहीं, आरोपी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, विरोध करने पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मामले में धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी शयान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

## टीईटी के विरोध में निकलने वाले मशाल जुलूस में लामबंद होकर प्रतिभाग करें शिक्षक- विजय बंधु

बिजनौर (चिंगारी)। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले आगामी 13 अप्रैल 2026 को टीईटी के विरोध में निकलने वाले मशाल जुलूस की सफलता को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह की अध्यक्षता व मंडलाध्यक्ष इंदिरेश यादव के संचालन में वर्चुअल बैठक आयोजित हुई, जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद भारत सरकार के विद्यालयों में 23 अगस्त, 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू करना शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के खिलाफ षड्यंत्र है जबकि वर्ष 2011 से शिक्षकों की नियुक्ति में टीईटी की अर्हता अनिवार्य की गई है। टीईटी अनिवार्यता को लेकर देश के शिक्षकों में अत्यंत रोष है। टीईटी के विरोध में 13 अप्रैल को निकलने वाले मसाल जुलूस में मजबूती से अपनी सहभागिता दर्ज करनी है। बैठक में मंडल पर्यवेक्षक एवं प्रदेश संगठन मंत्री रजत प्रकाश, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष राजन खान, हापुड़ जिला अध्यक्ष राजमणि पाल, मेरठ जिला अध्यक्ष मुनीराम यादव, विचित्रा, रामेन्द्री गुरयान,अंजलि, मोनिका, राजेश कुमार, अब्दुल, विजेंद्र कुमार,रविंद्र कुमार, विजय कुमार, आशीष त्रिपाठी, प्रवीण सैनी,नरेंद्र कुमार, नीरज चौहान, शिवपाल सिंह, भूपेंद्र शर्मा, देवेश गुर्जर, ऋषिपाल सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।



# बाल काटते-काटते देश की जड़ों को ही काटने लगे

राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित करने वाले गैंग के अधिकांश आरोपी नाई का काम करते हैं। सौफतपुर (नांगल) का मैजुल साउथ अफ्रीका में नाई का कार्य करता है। गिरफ्तार अभियुक्त उवैद मलिक और जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी भी नाई का काम करते हैं। जबकि पूर्व में एटीएस द्वारा पकड़ा गया मुख्य अभियुक्त सादिक उर्फ डेविल भी नाई का कार्य करता है। बाल काटने का काम करते - करते ये अपने देश की जड़ों को ही काटने में लग गये।

## पुन: विवेचना में खतरनाक गैंग का खुलासा हुआ



देशविरोधी गतिविधियां संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार अभियुक्त

## दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी, तीन के विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी

–रुकन राजपूत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** जिस मुकदमे में चंद घंटों बाद ही फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी, अब उसकी पुन: विवेचना हुई तो राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त खतरनाक गैंग का खुलासा हुआ है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है , जबकि चार पुलिस की पकड़ से दूर हैं। वांछित 4 अभियुक्तों में से 3 वर्तमान में विदेश में रहते हैं, जिनके विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी किये गये हैं। इस प्रकरण का खुलासा होने के बाद क्षेत्र के लोग सन्न रह गये हैं।

ज्ञातव्य है कि उक्त प्रकरण तब संज्ञान में आया था, जब 21 नवंबर, 2025 को कार्तिक बालियान एडवोकेट ने एक्स पर यूपी पुलिस, बिजनौर पुलिस, डीआईजी मुरादाबाद और यूपी एसटीएफ से शिकायत की थी कि बिजनौर के नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर का निवासी मैजुल टेररिस्ट – इन – मेकिंग है तथा अत्याधुनिक रायफलों और हैंड ग्रेनेड के साथ इंस्टाग्राम लाइव करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक लाइव वीडियो वायरल हुआ था , जिसमें मेरठ का आकिब एके – 47 और हैंड ग्रेनेड का खुल्लम – खुल्ला प्रदर्शन करते दिखाई दिया था। मैजुल भी उसके साथ लाइव जुड़ा हुआ था। इस वीडियो की जांच शुरू होने पर तत्कालीन हलका प्रभारी विनोद कुमार ने मैजुल तथा आकिब सहित अज्ञात युवकों के विरुद्ध 23 नवंबर की रात्रि में आर्म्स एक्ट की धारा 7/25 (1) (ए) तथा आईटी एक्ट की धारा 69 (ए) के अन्तर्गत दर्ज कराया था।

यूपी एटीएस द्वारा पिछले दिनों देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त तथा पाकिस्तानी हैंडलर्स से सम्पर्क रखने वाला गिरोह पकड़े जाने के बाद फाइनल रिपोर्ट लगाये गये उक्त मुकदमे की पुन: विवेचना शुरू की गई थी। विवेचना अधिकारी, थाना प्रभारी नजीबाबाद निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में हुई विवेचना के दौरान तथ्य सामने आये कि उक्त वीडियो में मैजुल पुत्र शौकीन मंसूरी निवासी ग्राम सौफतपुर




एड. कार्तिक बालियान का वह ट्वीट, जिस पर यह मुकदमा दर्ज हुआ था

अभियुक्त मैजुल लगभग तीन वर्षों से दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रहकर नाई का काम करता है तथा आकिब एवं आजाद थाना नांगल तथा आकिब खान पुत्र नासिर निवासी ग्राम सठला थाना मवाना , जनपद मेरठ के अलावा आजाद पुत्र मौ. नासिर निवासी मुकीमपुर जमाल उर्फ इनामपुरा थाना मंडावर तथा उवैद मलिक पुत्र रहीश निवासी मौ. शाहचंदन थाना चांदपुर ( हाल निवासी टांडा माईदास थाना रायपुर सादात ) लाइव मौजूद थे। सऊदी अरब में रहते हैं। इन तीनों के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी किये गये हैं। पुलिस ने अभियुक्त उवैद मलिक को गिरफ्तार कर लिया। उससे की गई पूछताछ में उक्त प्रकरण में जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी पुत्र स्व. मौ. अकरम निवासी ग्राम बुलचंदपुर उर्फ मुंडाखेड़ा थाना नजीबाबाद का नाम भी प्रकाश में आया। पुलिस ने जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी को भी गिरफ्तार कर लिया।

### इंस्टाग्राम पर भड़काऊ विचार प्रसारित करते थे

पुलिस के अनुसार राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गई, तो उवैद मलिक ने बताया कि वह 3 वर्ष पूर्व रोजगार की तलाश में गुजरात के एक सैलून पर कार्य करने गया था। वहां उसकी मुलाकात जलाल हैदर उर्फ समीर से हुई। उवैद और समीर जाफरी गीता नगरी नाका जकात, सूरत में आसपास रहते थे। समीर के माध्यम से उसकी पहचान अक्टूबर, 2025 में मैजुल और आकिब से हुई। मैजुल दक्षिण अफ्रीका में नाई का और आकिब सऊदी अरब में ड्राइवर का कार्य करता है। उवैद ने बताया कि आकिब इंस्टाग्राम लाइव के माध्यम से कट्टरपंथी व भड़काऊ विचार प्रसारित करता था तथा हिंदू समुदाय के विरुद्ध हिंसा करने के लिये भड़काता था। वह सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स को हिंसक गतिविधियों जैसे सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने , सिलेंडरों से भरे ट्रकों को जलाने, गाड़ियों में आग लगाने के लिये दुष्प्रेरित करता था तथा उसका विरोध करने वालों को धमकाता था। आकिब द्वारा इंस्टाग्राम लाइव के दौरान एके – 47 और हैंड ग्रेनेड दिखाने, भारत में अपना नेटवर्क तैयार करने , युवकों की भर्ती कर उन्हें टीमों में बांटने , भविष्य में बड़े आपराधिक / देशविरोधी कार्य करने हेतु उकसाने की बात भी उवैद ने बताई।

### नेपाल भागने की योजना थी

मेरठ में आकिब से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी के बाद आजाद ने उवैद को पुलिस से बचने के लिये नेपाल भागने की सलाह भी दी थी। इसकी पुष्टि उवैद के मोबाइल से प्राप्त ऑडियो से हुई है। अभियुक्त जलाल हैदर उर्फ समीर ने पूछताछ में बताया कि वह भी सूरत (गुजरात) में सैलून पर कार्य करता था। उसी ने उवैद की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से आकिब एवं मैजुल से करायी थी। पुलिस के मुताबिक दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को आकिब के सम्पर्क में लाकर उसे फॉलो कराते थे तथा उसके भड़काऊ विचारों का प्रचार – प्रसार करते थे। अभियुक्त जलाल हैदर ने यह भी बताया कि आकिब और मैजुल से उसकी पहचान पिछले वर्ष समीर उर्फ रूहान निवासी निकट सुल्ताना डाकू का किला , थाना नजीबाबाद ने कराई थी , जो कि उसकी मौसेरी बहन बिल्लो का देवर है।

### पुलिस टीम इस प्रकार

**अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में विवेचक, नजीबाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक सचिन मलिक , थानाध्यक्ष नांगल अमर सिंह राठौर, सर्विलांस सेल के उपनिरीक्षक हिमांशु गोस्वामी, उपनिरीक्षक सौरव तथा आरक्षी विरेन्द्र शामिल रहे।**

## चंद घंटों में ही एफ आर लगा दी थी

जिस मुकदमे की विवेचना में अब राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त गैंग का खुलासा हुआ है, उसमें तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने चंद घंटे बाद ही फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। सतेन्द्र मलिक ने विदेश में बैठे आकिब से वीडियो कॉल पर बात की थी। आकिब ने उन्हें गुमराह करते हुए एके – 47 को प्लास्टिक का खिलौना तथा हैंड ग्रेनेड को परफ्यूम की शीशी बता दिया था। ऐसी एक वीडियो बनाकर भी पुलिस को भेज दी थी। सतेन्द्र मलिक ने आकिब की बात पर तुरंत विश्वास कर लिया था। पिछले दिनों

यूपी एटीएस द्वारा देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता तथा पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रहने के आरोप में एक गिरोह पकड़े जाने के बाद आकिब की राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का खुलासा हुआ। पकड़े गये गिरोह में मुख्य आरोपी मेरठ का साकिब उर्फ डेविल है। एटीएस का दावा है कि पाकिस्तानी हैंडलर्स से मेरठ के साकिब की मुलाकात मेरठ के ही आकिब के द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से करायी गयी थी। विवेचना में भारी लापरवाही बरतने तथा त्रुटिपूर्ण कार्यवाही पाये जाने पर सतेन्द्र मलिक के विरुद्ध उच्चस्तरीय विभागीय जांच शुरू करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पैंड कर दिया गया है। साथ ही शिथिल पर्यवेक्षण के आरोप में क्षेत्रधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह को सर्किल नजीबाबाद से हटा दिया गया है।

# नगीना चौक पर ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई, सूर्यवंशी सैनी संगठन ने प्रतिमा को मालाएं पहनाईं


महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए युवा।

**धामपुर (चिंगारी)।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती आज नगीना चौक स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन धामपुर के पदाधिकारी धर्मपाल सैनी, सुरेश सैनी (सोनी) भारतीय जनता पार्टी के धामपुर मंडल मंत्री, सोहित सैनी मंडल मंत्री, ललित सैनी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री, प्रशांत सैनी, दीपक सैनी, निखिल सैनी, कार्तिक सैनी, अभय सैनी, अजय सैनी, नितिन सैनी, प्रियांशु, रोहित सैनी, सचिन सैनी गौरव सैनी, अंकित सैनी, ईश्वर चंद्र प्रधान ग्राम चकशाहजानी श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन रजि. धामपुर के राजेंद्र सैनी (नटराज अखाड़ा गुरु), नौबहार सिंह, दीपक टीवीएस, आकाश राजपूत, विपिन कुमार आदि ने महामना महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा सामाजिक समरसता और शिक्षा के क्षेत्र में किए कार्य का वर्णन किया। इनके अलावा डॉक्टर राजू सैनी, राजबहादुर सैनी ने भी विचार व्यक्त किये।

# माता के दर्शन कराने का झांसा देकर महिला को ठगा

**स्योहारा (चिंगारी)।** माता के दर्शन कराने को कहकर एक महिला से ठगों ने कानों के टॉप्स, मोबाइल फोन व पैसे लूट लिये। महिला ने थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला हिंदू चौधरियान निवासी महिला गीतापाल पत्नी सुरेशपाल ने बताया कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्योहारा से कमर में दर्द की दवाई लेकर निकली तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के गेट के बाहर दो अज्ञात व्यक्ति मिले। उन्होंने उससे गले के अस्पताल के बारे में पूछा। उसके बाद घर के बारे में बात करने लगे । महिला को झांसे में ले लिया तथा कहने लगे कि आपको माता के दर्शन करायेंगे। आपने जो कानों में वी शेप टॉप्स गोल्ड के पहन रखे है, उनको उतारकर अपने पर्स में डाल दो और पर्स को अपने थैले में डाल दो और रख लो। कीपेड फोन भी थैले में डलवा दिया और थैला उन्होंने ले लिया। फिर उन्होंने कहा कि आगे 10 कदम चलो और फिर वापस आओ। जब वह 10 कदम चलकर मुड़ी वो दोनों वहां से थैले में रखे टॉप्स व कीपेड फोन लेकर गायब हो गये। महिला को अपने आप को ठगा होने का अहसास हुआ तो वह थाने पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक ने मुकदमा लिखने की पुष्टि की और मामले की जांच करने की बात कही।

# के.एम. में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में कल हुये चार मैच

**धामपुर (चिंगारी)।** बीएस क्रिकेट क्लब धामपुर की ओर से केएम इंटर कालेज के मैदान में आयोजित सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल टूर्नामेंट में कल पहला मैच डी एस एम धामपुर व यूथ क्लब धामपुर के बीच हुआ, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएसएम धामपुर ने यूथ क्लब को 91 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्लब की टीम 8 रनों से हार गई। दूसरा मैच कांठ क्लब और एनएससी क्लब ने धामपुर के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए कांठ क्लब ने 8 ओवर में 144 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं एनएससी क्लब धामपुर की टीम 69 रनों पर सिमट गई।

तीसरा मैच मिलक जहांगीराबाद व अफगानान क्लब धामपुर के बीच हुआ। मिलक जहांगीराबाद ने 8 ओवर में मात्र 89 रन बनाए। छोटे स्कोर को भी अफगानान क्लब पार नहीं कर पाया और मात्र 40 रन पर टीम ऑल आउट हो गई।

चौथा और अंतिम मैच धामपुर फ्लेम व कांठ क्लब के बीच हुआ, जिसमें कांठ क्लब ने 94 रन बनाये। धामपुर फ्लेम की बहुत ही निराशाजनक बल्लेबाजी रहीं। टीम 47 रन पर सिमट गई और मैच हार गई। मैच के अंपायर आमिर अंसारी एडवोकेट व फरमान खान रहे। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर की टीम रही।

चिंगारी
धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

# सरकारी योजनाओं की जानकारी दी



**नूरपुर (चिंगारी)।** शुक्रवार को भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांव, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी व नगर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल के नेतृत्व मे नूरपुर मंडल के गांव हंसुपुरा में जनसम्पर्क कर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ के विषय मे लोगो को अवगत कराया। कार्यक्रम में चेयरमैन दिनेश चौधरी उर्फ मुन्नू बाबू ने कहा कि भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ बगैर किसी भेदभाव के सभी वर्गों के पात्र लोगों को मिल रहा है।सरकार सभी की हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा,उपाध्यक्ष जौतू भुइयार, गजेंद्र सैनी, मंडल मंत्री सतीश कुमार, ईशमपाल चौधरी, ग्राम प्रधान हसुपुरा शेर सिंह आदी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को अपराधों के प्रति किया जागरूक

**धामपुर (चिंगारी)।** थाना धामपुर पुलिस द्वारा एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा फेस 5.0 चरण -2 के अंतर्गत लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने व उनके अधिकारों के संबन्ध में जानकारी दी गई। मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने के संबंध में छात्राओ को जागरूक किया गया और साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया ।

हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 के बारे में जानकारी देते हुए पम्फलेट वितरित किये गये। नोडल अधिकारियों के नंबरों की भी जानकारी दी गई।

# तमंचे व कारतूस के साथ, वांछित अभियुक्त आया हाथ

**धामपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त 3 अप्रैल 2026 को थाना धामपुर में दर्ज एक मामले में वांछित था। वादी ने आरोपी पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा संख्या 107/2026 धारा 352/351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने 9 अप्रैल 2026 को कार्रवाई करते हुए अभियुक्त कृतिक पुत्र विपिन को ग्राम तरकौली, थाना धामपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25/27 के तहत भी मामला दर्ज किया है।

# उ.प्र. में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी

# दो करोड़ से अधिक नाम हटाये गए



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। इस व्यापक अभियान के दौरान प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से डिलीट किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को कर दिया गया है। यह प्रक्रिया पूरे देश में एक साथ संचालित की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गणना चरण 4 नवंबर 2025 से 26 दिसंबर 2025 तक चला, जबकि दावे और आपत्तियों के लिए 6 जनवरी से 6 मार्च 2026 तक का समय दिया गया था। इसके बाद 27 मार्च तक सभी दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया गया। रिनवा ने कहा कि कोई भी मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपना नाम देख सकता है। जिनका नाम सूची में नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर पुन: पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंटों और आम जनता का व्यापक सहयोग मिला। साथ ही प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया ने भी जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि 166 दिनों तक चले इस अभियान को सफल बनाने में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, 12,758 सहायक अधिकारियों, 18,026 बीएलओ सुपरवाइजरों और 1,77,516 बीएलओ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अलावा 5,82,877 बूथ लेवल एजेंटों ने भी सहयोग दिया। रिनवा ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची के अनुसार कुल मतदाता 13,39,84,792 हैं जिसमे पुरुष मतदाता 7,30,71,061 (54.54प्रतिशत) और महिला मतदाता 6,09,09,525 (45.46प्रतिशत) हैं। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मसौदा सूची में कुल 12,55,56,025 मतदाता शामिल थे, जिनमें 6,88,43,159 पुरुष (54.83प्रतिशत), 5,67,08,747 महिलाएं (45.17प्रतिशत) और 4,119 तृतीय लिंग मतदाता शामिल थे। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 3,33,981 रही, जबकि जेंडर रेशियो 824 दर्ज किया गया।

# लाइन में लगने के बाद भी गैस सिलेंडर न मिलने से लोग परेशान

## बुकिंग के कई दिनों बाद तक नहीं मिल रहा रिफिल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर में पिछले काफी दिनों से इण्डेन गैस की पर्याप्त आपूर्ति न होने से लोग गैस सिलेंडर के लिए काफी परेशान है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी सभी को गैस नहीं मिल पा रही है।**

नगर में महाशिरात्रि पर्व से इण्डेन गैस की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति न होने से उपभोक्ता काफी परेशान है। लोगों को इण्डेन गैस लेने के लिए बुकिंग कराने के बाद एक-एक सप्ताह तक गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। गैस लेने के लिए पहले ग्राहक को अपने मोबाइल से बुकिंग करानी पड़ रही है, इसके बाद गैस एजेंसी पहुंचकर बुकिंग वेरीफाई कराकर एजेंसी की मोहर लगवानी पड़ रही है। यह सारा काम करने के बाद भी लोगों के घरों तक गैस नहीं पहुंच रही है, बल्कि उन्हें सुबह सवेरे से गैस गोदाम पहुंचकर घंटों लाइन में लगकर गैस लेनी पड़ रही है। इसके बाद भी सभी लोगों को गैस नहीं मिल पा रही है। नजीबाबाद की इण्डेन गैस एजेंसी पर सबसे ज्यादा गैस कनेक्शन है, मगर एजेंसी को कम्पनी से पिछले करीब दो माह से भी अधिक समय से पर्याप्त मात्रा में गैस नहीं मिल पा रही है। ग्राहकों का कहना है कि लोगों को अपना काम छोड़कर हरिद्वार मार्ग स्थित इण्डेन गैस एजेंसी के गोदाम पर पहुंचकर घंटों लाइन में लगने के बाद भी सभी को गैस नहीं मिल पा रही है। जिससे लोगों को मजबूरी में लकड़ी व बिजली के चूल्हों व अन्य साधन जुटाकर अपना खाना बनाना पड़ रहा है। गैस उपभोक्ता शमशाद अहमद, राशिद, जाकिर, सूरज, मदन, सुलेखा आदि का कहना है कि बुकिंग कराने व एजेंसी पर मोहर लगाने के बाद भी आसानी से गैस ना मिलने से उनके सामने बड़ी समस्या पैदा हो गई है। गोदाम से सिलेंडर लेने के लिए घंटों धूप में लाइन में लगने के बाद भी गैस मिलेगी या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं होती। उपभोक्ताओं ने इण्डेन गैस की समस्या दूर कराने, बुकिंग कराने के बाद लोगों के घरों तक गैस पहुंचाने व गोदाम पर जितने लोगों को गैस बंटनी है उतने ही ग्राहकों को लाइन में लगाने की मांग की है। इस संबंध में इण्डेन गैस एजेंसी के मैनेजर खेमचंद ने बताया कि उनके पास प्रतिदिन भरे हुए करीब 300 सिलेंडरों की गाड़ी आ रही है, जबकि गोदाम पर सुबह सवेरे से ही गैस लेने के लिए करीब 800 से 1000 लोगों की भीड़ जमा हो जाती है, जिससे सभी को गैस सिलेंडर देना संभव नहीं हो पा रहा है। समस्या को दूर किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। एक सप्ताह के अंदर यह समस्या दूर होने की संभावना है।



**इण्डेन गैस गोदाम पर रिफिल के लिए सिलेंडर लेकर लाइन में लगे लोग।**

### होम डिलीवरी करने वाले गरीब रिक्शा चालक हुए बेरोजगार

नजीबाबाद में इण्डेन गैस की कमी के चलते ग्राहकों के बड़ी संख्या में स्वयं गोदाम पर पहुंचकर भरे हुए गैस सिलेंडर प्राप्त करने के चलते गैस की होम डिलीवरी का कार्य करने वाले गैस एजेंसी के गरीब दो दर्जन गरीब रिक्शा चालक बेरोजगार होकर अपने घर बैठ गये है, क्योकि गैस की कमी के चलते उन्हें ग्राहकों के घरों तक गैस सिलेंडर पहुंचाने के लिए नहीं मिल पा रहे है, ऐसी स्थिति में गैस की होम डिलीवरी करने वाले गरीब रिक्शा चालकों के सामने रोजी-रोटी की समस्या पैदा हो गई है। इस समस्या से परेशान अधिकांश होम डिलीवरी करने वाले रिक्शा चालकों ने अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर रखे है।

## पुष्पक और बलवंत सिंह को भावपूर्ण विदाई दी




**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर स्थित आरएसपी इंटर कॉलेज में आयोजित विदाई समारोह में विज्ञान अध्यापक कांता प्रसाद पुष्पक और हिंदी अध्यापक बलवंत सिंह को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता रानी संजोगिता सिंह ने की। इस मौके पर सेवानिवृत अध्यापक कांता प्रसाद पुष्पक ने विद्यालय के स्टाफ रूम को 20 कुर्सियां और स्टाफ के सभी अध्यापकों, कर्मचारियों व स्टाफ को अपनी ओर से स्मृति स्वरूप वीआईपी ट्रॉली बैग उपहार में भेंट किए। प्रधानाचार्या मधुबाला शर्मा ने अपने सम्बोधन में दोनों अध्यापकों की मेहनत, लगनशीलता निष्ठा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे अध्यापकों का विद्यालय की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी भी भूतपूर्व नहीं होता, वह अपनी सेवाएं समाज को किसी न किसी भी रूप में देता रहता है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अध्यापक मनोज कुमार दुबे ने किया। इस दौरान विद्यालय की ओर से अध्यापकों का सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। और ढोल नगाड़ों के साथ अध्यापकों को उनके आवास तक ले जाया गया। इस दौरान अध्यापक कांता प्रसाद पुष्पक ने कहा कि वह विद्यार्थियों, विद्यालय और समाज के लिए वह हमेशा कार्य करते रहेंगे। उन्होंने अपने 33 वर्ष 8 माह के सेवा काल में सभी साथियों के सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया।


## कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद ( बिजनौर )

पंत्राक:-09 / न.पं. ज. /2026-27 दिनांक- 10/4/2026

### कुटेशन सूचना

समस्त भूसा आपूर्तिकर्ता फर्मों / कृषकों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत जलालाबाद में वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि के लिये कान्हा गौ-शाला में संरक्षित पशुओं के भरण-पोषण हेतु भूसा क्रय सम्बन्धी सीलबन्द कुटेशन दिनांक 25-4-2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक को समय अपरान्ह 03 बजे अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पंचायत जलालाबाद द्वारा खोली जायगी। कुटेशन खोलते समय कुटेशनदाता उपस्थित रह सकते हैं। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जलालाबाद में निहित है।

| क. सं. | सामग्री का नाम | दर | आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | नगर पंचायत जलालाबाद की कान्हा गौ-शाला में संरक्षित पशुओं के भरण-पोषण हेतु भूसे की आपूर्ति का कार्य। | प्रति कुन्तल रूपये में | वित्तीय वर्ष 2026-27 |

**( अनूप कुमार रावत )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत जलालाबाद**
**बिजनौर**

**( रूमाना )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत जलालाबाद**
**बिजनौर**

# घर के सामने फायरिंग करने का आरोप, केस दर्ज

नांगल सोती (चिंगारी)। एक युवक ने कार सवार अज्ञात व्यक्तियों पर घर के सामने फायरिंग कर दहशत का माहौल उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम तिसोतरा निवासी शुभम कुमार पुत्र स्व. शेर सिंह ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि देर रात्रि में उसके घर के सामने अज्ञात आल्टो कार में सवार कुछ व्यक्तियों ने गोली चलाई। गोली चलने की आवाज से उसका परिवार तथा पड़ोसी भयभीत हो गये और घर से बाहर निकलकर एकत्रित हो गये। शुभम ने इस घटना के कारण अपनी तथा परिवार के सदस्यों की जान एवं माल को खतरा बताया है। दोषियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 131 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, परंतु घटना संदिग्ध है।

## अधिकारी ने मांगे महंगे उपहार और वाइन

किरतपुर (चिंगारी)। ब्लॉक क्षेत्र में ग्राम विकास विभाग से जुड़े एक अधिकारी की कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया है। वायरल ऑडियो में संबंधित अधिकारी पर महंगे उपहार और शराब की मांग करने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे मामला चर्चा का विषय बन गया है। चिंगारी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सामाजिक संगठन भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज के मैनेजर हरविंदर राणा ने आरोप लगाया है कि जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में ग्राम विकास विभाग से जुड़े कुछ अधिकारी महिलाओं के साथ अनुचित व्यवहार कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्य कर रही कई महिलाओं ने दबाव और उत्पीड़न जैसी शिकायतें की हैं। बताया जा रहा है कि वायरल ऑडियो में एक अधिकारी बातचीत के दौरान अपने उच्चाधिकारियों का हवाला देते हुए महंगे गिफ्ट और शराब की मांग करता सुनाई दे रहा है। ऑडियो के सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हरविंदर राणा ने कहा कि एक ओर सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार के आरोप उन प्रयासों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राले ने भैंसा-बुग्गी में टक्कर मारी, भैंसा जख़्मी



नांगल सोती (चिंगारी)। पावर-कोल्हू पर गन्ना बेचकर वापस लौट रहे किसान की भैंसा-बुग्गी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉले ने जोरदार टक्कर मार दी। बुग्गी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, भैंसे के दो पैर टूट गये, जबकि किसान ने कूदकर किसी तरह जान बचाई। शुक्रवार की दोपहर मुहल्ला बड़तला, नांगल सोती निवासी किसान संदीप पुत्र धर्मपाल सिंह ग्राम खानपुर में वी.के. फार्म हाउस के सामने स्थित पावर-कोल्हू में गन्ना बेचने गया था। गन्ना बेचकर जब वह वापस लौट रहा था, तो नांगल-चंदक मार्ग पर भैंसा-बुग्गी के चढ़ते ही नांगल की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉले ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। किसान संदीप ने बुग्गी से कूदकर अपनी जान बचाई। बुग्गी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई तथा भैंसे के अगले दोनों पैर टूट गये। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉला काफी दूर जाकर रुका। ट्रैक्टर-ट्रॉले को लाल सिंह निवासी बड़िया (नजीबाबाद) चला रहा था।

## गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाया

नहटौर (चिंगारी)। गुलदार की बढ़ती आमद से लोगों में दहशत है। अनहोनी से बचने को वन विभाग ने गुलदार पकड़ने को बेगराजपुर में पिंजरा लगाया है। बता दें कि डेढ़ सप्ताह पूर्व हल्दौर रोड पर नूरपूर खेड़की के सामने सड़क पार करते हुए सीओ धामपुर की गाड़ी के आगे गुलदार आता दिखाई दिया था। करीब 4 दिन पूर्व जिला पंचायत सदस्य रिजवान की गाड़ी के आगे गुलदार आ गया था। इसके अलावा बेगराजपुर में पूर्व प्रधान के घर के पास स्थित खेत में गुलदार दिखाई दे रहा था, जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की ओर से बेगराजपुर में पूर्व ग्राम प्रधान के घर के पीछे स्थित में पिंजरा लगाया गया है। वन रेंजर ने बताया कि यदि दो-चार दिन में गुलदार पिंजरे में नहीं आता है तो पिंजरे का स्थान चेंज किया जाएगा।

# हरविन्दर सिंह उर्फ सन्नी फिर सुर्खियों में आया

### - कमल की डंडी से सांस लेता रहा -पांच घंटे तक तालाब में छिपा रहा

हल्दौर (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद का पूर्व सभासद व अंतर्राज्जीय ट्रेन चोर हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी अपनी करतूतों से फिर सुर्खियों में आ गया है। ट्रेनों में चोरी करने के लिए शातिर सन्नी को मध्य प्रदेश की जबलपुर की रेलवे पुलिस ने एक महिला के पर्स चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फिल्मी स्टाइल में रेलवे पुलिस के कब्जे में आया। हरविंदर सिंह पर देश के कई राज्यों में ट्रेन में चोरी करने के कई दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। कुछ साल पहले महाराष्ट्र की नागपुर रेलवे पुलिस भी हरविंदर सिंह को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर नगर में छापेमार कार्रवाई भी कर चुकी है। स्थानीय मौहल्ला खेड़ा निवासी हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी पूर्व नगर पालिका बोर्ड में वार्ड नंबर 21 से सभासद था। लेकिन




ट्रेनों में चोरी करने के मामले में वह बहुत शातिर बन गया। फरवरी 2019 में महाराष्ट्र के नागपुर डिवीजन की जीआरपी पुलिस ट्रेनों में चोरी और लूट के मामलों में उसे गिरफ्तार कर हल्दौर थाने लाई थी। जीआरपी इंस्पेक्टर एमएन शेख की अगुवाई में हरविंदर सिंह को लेकर पहुंची पुलिस ने उसकी निशानदेही पर माल बरामदगी हेतु नगर में कई जगह छापेमार कार्रवाई की थी, जिससे सन्नी से संबंध रखने वाले लोगों में हड़कंप मच गया था। अब मध्य प्रदेश की जबलपुर रेलवे पुलिस के द्वारा उसे गिरफ्तार करने पर हरविंदर सिंह फिर सुर्खियों में आ गया है। पुलिस के अनुसार गत दिनों हरविंदर सिंह जबलपुर में चलती ट्रेन में एक महिला का पर्स चुराने के दौरान आरपीएफ से बचने हेतु फिल्मी स्टाइल में एक तालाब में कूद गया था और करीब 5 घंटे तक तालाब में उगे कमल के पौधे की डंडी से सांस लेता रहा। बाद में पुलिस ने उसे गोताखोरों की मदद से तालाब के अंदर से गिरफ्तार कर लिया। पूर्व सभासद हरविंदर सिंह की गिरफ्तारी से नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## शत्रु सम्पत्ति से कब्जा हटाने के मामले में अब 17 अप्रैल को सुनवाई

नहटौर (चिंगारी)। रुस्तमपुर शेर में शत्रु संपत्ति से कब्जा हटाने के मामले में कोर्ट ने नायब तहसीलदार कानूनगो व तीन लेखपालों को तलब किया था, जिसकी सुनवाई अब 17 अप्रैल को होगी। बता दें कि नहटौर में झालू रोड स्थित पहाड़पुर द्वारिका राजस्व गांव की खसरा संख्या 163 की 0.6780 है. व 172 की 0.1640 है. भूमि को भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक मुंबई द्वारा नीलाम कर दी गई। नीलामी प्रक्रिया में यूनाइटेड स्टील गाजियाबाद द्वारा जमीन को खरीदा गया था। भूमि पर पहले से काबिज़ प्रीतम सिंह, गंगाराम सिंह निवासी रुस्तमपुर शेर आदि ने कब्जा हटाने का विरोध किया था। उनका दावा था कि उनके द्वारा यह भूमि नियमानुसार खरीदी गई है। काबिज पीड़ित पक्ष द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजनौर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। सीजेएम बिजनौर ने मामले में नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, कानूनगो ओमवीर सिंह, जीशान अहमद सहित 3 लेखपाल को तलब करते हुए 10 अप्रैल को जबाव मांगा था। बताया जाता है मामले में पुलिस द्वारा रिपोर्ट नहीं पेश की गई थी, जिसके चलते अब मामले की सुनवाई 17 अप्रैल को होगी।

# ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने की मांग



### संगठन ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम भेजे ज्ञापन में कहा है कि उत्तर प्रदेश राज्य की 57694 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। भारत के संविधान के भाग 9 में निहित अनुच्छेद 243 के अंतर्गत पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। उच्च न्यायालय लखनऊ द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग गठित किए जाने की कार्यवाही भी अभी अपूर्ण है। राज्य की 485 ग्राम पंचायतों का विलय नगरीय सीमा में हो चुका है, जिसके कारण क्षेत्र पंचायतों के वार्डों के पुनर्गठन की आवश्यकता उत्पन्न हो गई है। पंचायत में आरक्षण निश्चित किए जाने में भी विलंब होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में 26 मई 2026 से पूर्व त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव संपन्न कराए जाना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। इसलिए अन्य प्रदेशों राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं उत्तराखंड की भांति उत्तर प्रदेश में भी पदों की रिक्तता की स्थिति उत्पन्न होती है, तो ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने की कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में मुरादाबाद मंडल के मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार, उदित सिंह, सुरेश सिंह, कार्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह हुड्डा, अंकित कुमार एवं ग्राम प्रधान शमशाद, सरफराज, खड्क सिंह, सोनू कुमार, सुभाष सिंह, मोनिका, जमील अहमद, जफर, अशोक कुमार, नीतीश कुमार, रविंदर सेहरावत, मोहम्मद राशिद, जगदीश कुमार, उमेश कुमार, किरण आर्य, मिथिलेश, रोहिताश सिंह, अमित कुमार, मीना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया

बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद बिजनौर द्वारा शुक्रवार को अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरने का आयोजन किया गया। धरने का नेतृत्व प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष सोमदेव सिंह ने किया।

इस अवसर पर सुधीर अग्रवाल ने कहा कि संघ माध्यमिक शिक्षकों के हितों की हर संभव रक्षा करने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संघ पुरानी पेंशन बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों हेतु सम्मानजनक मानदेय, कम्प्यूटर एवं व्यवसायिक शिक्षकों को पूर्ण शिक्षक का दर्जा दिलाने, तदर्थ प्रधानाचार्यों को विनियमित कराने एवं हाल ही में तदर्थ शिक्षकों के विनियमितिकरण के उपरांत उन्हें पुरानी पेंशन व्यवस्था में शामिल कराने हेतु प्रदेश स्तर पर संघर्षरत है। जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह ने कहा कि शिक्षक संघ किसी भी शिक्षक का उत्पीड़न एवं शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा। सभी शिक्षक संगठित रहें तथा संघ की सदस्यता प्राप्त कर प्रांतीय नेतृत्व को मजबूत करें। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डा. महेन्द्र सिंह त्यागी ने कहा कि शिक्षक एकता के बल पर ही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सरकार से वेतन वितरण अधिनियम पारित कराने में सफल रहा। धरने के उपरांत जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव को शिक्षकों की विभिन्न मांगों से युक्त एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग की गई कि शिक्षकों के एनपीएस खातों में राज्यांश सहित ब्याज की राशि को अद्यतन अपडेट किया जाये। जो शिक्षक एनपीएस से पुरानी पेंशन योजना में शामिल किये गये हैं, उनकी एनपीएस राशि को जीपीएफ में जमा किया जाये। विषय विशेषज्ञों के विकल्प पत्र भरवाकर निदेशालय को प्रेषित किये जाये। जिन शिक्षकों की ग्रेच्युटी 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख की गई है, उनके भुगतान की व्यवस्था तुरंत सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर जिला मंत्री वसीम अहमद सिद्दीकी, सत्येन्द्र चौधरी, नसीमुद्दी चांदपुर, शिवेन्द्र पाल सिंह महुआ, ईश्वर सिंह पीली चौकी, रामकुमार किरतपुर, कुलदीप कुमार नजीबाबाद, अरूण दीक्षित नजीबाबाद, डा. जितेन्द्र कुमार, चंदू सिंह बिजनौर, मनोज कुमार, रामरक्षपाल सिंह, राधेश्याम सिंह, प्रशांत कुमार, रविन्द्र भारती, सुनील त्यागी, मौ. हारून किरतपुर आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्वक निकालें शोभायात्रा, नई परम्परा की इजाजत नहीं



थाने में आयोजित बैठक में बोलते सीओ देश दीपक सिंह।

नूरपुर ( चिंगारी )। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को लेकर थाना परिसर में क्षेत्र के संभ्रात नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ देश दीपक सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में 17 शोभायात्रा, 5 माल्यार्पण के कार्यक्रम आयोजित होने हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी नई परंपरा को शुरू नहीं करने दिया जाएगा। यदि कहीं पूर्व में शोभायात्रा नहीं निकली है तो नया कार्यक्रम शुरू नहीं होगा। उन्होंने विशेष रूप से अंबेडकर धर्मशाला पर कैमरे लगाए जाने की बात कही। बैठक में गांव गोहावर में 14 अप्रैल मंगलवार को निकलने वाली शोभायात्रा के दिन साप्ताहिक बाजार को बुधवार के दिन लगवाने की सहमति बनी। इसके अलावा गांव जमालपुर में भी परंपरागत मार्ग पर मकान के छज्जे व सीढ़ियों के अवरोध के निराकरण की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान परम सिंह समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अंत मे थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने बैठक के समापन की घोषणा करते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

# सब्जी लेने गई थी बाजार चोरों ने किया माल पार

नहटौर ( चिंगारी )। नगर के मोहल्ला शेखान में दिनदहाड़े चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला शेखान निवासी चंद्रभान सिंह की माता घर पर अकेली थीं। दोपहर के समय जब वह घर पर ताला लगाकर बाजार से सब्जी लेने गई थीं, उसी दौरान चोर घर में घुस आए।बताया जा रहा है कि चोरों ने घर में घुसकर अलमारी के ताले तोड़ दिए और उसमें रखे सोने व चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर लिए। जब वृद्धा बाजार से वापस लौटीं, तो घर का सामान बिखरा हुआ और अलमारी खुली देख उनके होश उड़ गए। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से मोहल्ले के निवासियों में असुरक्षा का माहौल है। लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें अब दिन के उजाले में भी पुलिस का खौफ नहीं रहा।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही भाजपा सरकार - सुमन त्यागी



ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमन त्यागी।

चांदपुर ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित गांव चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम कुलचाना में चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमन त्यागी ने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में महापुरुषों के योगदान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसी विचार धारा को लेकर चल रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में भी ग्रामवासियों को जानकारी देते हुए बताया कि किसान सम्मान निधि, महिलाओं का सम्मान, बिजली की बेहतर व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड, नि:शुल्क राशन के द्वारा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, रजनीश चौहान, हर्ष जावा, आशू गोयल, बूथ अध्यक्ष रविंद्र कुमार, राहुल त्यागी, अनिल कुमार, डिंपल,वरूण कुमार व अरूण कुमार आदि मौजूद रहे।

# नहर में मुर्गे के अवशेष डाले जा रहे



वीडियो हो रहा वायरल

हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। गंगा से निकलने वाली नहर के पवित्र पानी में गंदगी और मुर्गे के अवशेष डालने संबंधी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक यह कुत्सित प्रयास करता साफ नजर आ रहा है। घटना से क्षेत्र के हिंदूवादी संगठनों में भारी आक्रोश है। संगठन के लोगों का कहना है कि इंसान से लेकर जानवर और पशु-पक्षी तक पीने और नहाने के लिये नहर के इसी शुद्ध पानी का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से घटना की जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। घटनाक्रम सल्लाहपुर गांव के पास नहर का बताया जा रहा है। चिंगारी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# किसानों ने बैंक प्रबंधक के विरुद्ध प्रदर्शन किया

झालू ( चिंगारी )। नगर की जिला सहकारी बैंक की स्थानीय शाखा पर शुक्रवार को कुछ किसानों ने शाखा परिसर में पहुंच प्रदर्शन कर बैंक प्रबंधक के खिलाफ खाताधारकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि बैंक प्रबंधक द्वारा जान-बूझकर अनावश्यक दस्तावेजों की मांग की जाती है और छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी उनसे पैसे वसूले जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे बैंकिंग कार्यों के लिए इसी शाखा पर निर्भर हैं, लेकिन उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। महेंद्र सिंह, सोमेंद्र सिंह, नवेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, राजवीर सिंह, अजयपाल सिंह आदि किसानों के अनुसार, बार-बार पहचान पत्र और अन्य कागजात मांगे जाते हैं, जबकि ये पहले ही जमा किए जा चुके हैं। इसके बावजूद उनके कार्यों को लंबित रखा जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान किसानों ने मृतक खातों से जुड़े कार्यों में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कागजी कार्रवाई के नाम पर अनावश्यक धनराशि की मांग की जाती है, जो पूरी तरह अनुचित है। वहीं बैंक प्रबंधक ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को गलत व बेबुनियाद बताया है।




# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का नौ दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बिजनौर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान जो कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत है, के द्वारा 9 दिवसीय पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन राजकीय आईटीआई बिजनौर में किया गया।**

यह प्रशिक्षण 2 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक संचालित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को सोलर क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सोलर वेंडर बनने की प्रक्रिया, रूफटॉप सोलर आई एस आई मानकों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की सब्सिडी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में आईटीआई बिजनौर के अनेक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सोलर पैनल से संबंधित तकनीकी एवं व्यावसायिक जानकारी प्रदान की गई, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और वे स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रेरित हुए। कार्यक्रम में राकेश शर्मा, सत्येंद्र कुमार, कृष्ण प्रताप, वीरेंद्र कुमार वर्मा, सुशील कुमार, पूनम चौहान की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण का सफल संचालन श्री पुष्पेंद्र सिंह द्वारा किया गया।





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 12 अप्रैल 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, महत्वपूर्ण उपलब्धि।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को, नवसम्पर्क लाभदायी।

मिथुन- समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में तनाव, मानसिक उलझनों में वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति में अड़चनें, यात्रा सुखद।

कर्क- दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत।

सिंह- स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कन्या- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का संतोषजनक हल, शिक्षा व प्रतियोगिता में सफलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

तुला- कार्य-व्यवसाय में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।

वृश्चिक-साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्ध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी।

धनु- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतानपक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।

मकर- आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, बकाए धन की वसूली।

कुम्भ- सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को कष्ट।

मीन- समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# होम्योपैथी, बीमारी को जड़ से समाप्त करती है- डॉ. कौस्तुभ

**किरतपुर (चिंगारी)।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्यो रूट्स में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम और समारोह का आयोजन किया गया। होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 10 अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच इस प्राकृतिक और सुरक्षित चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. कौस्तुभ गोयल ने इस अवसर पर कहा



होम्योपैथी सिर्फ एक चिकित्सा पद्धति नहीं है, बल्कि यह शरीर को प्राकृतिक रूप से खुद को ठीक करने की क्षमता प्रदान करती है। एलोपैथी या अन्य दवाइयों के विपरीत, होम्योपैथी बीमारी के लक्षणों को दबाने के बजाय उसे जड़ से खत्म करने पर काम करती है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में, जहां तनाव और खराब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, होम्योपैथी बिना किसी दुष्प्रभाव के एक अत्यंत सुरक्षित विकल्प है। होमियो रूट्स में हमारा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि हम मरीज की शारीरिक और मानसिक दोनों स्थितियों को समझकर उन्हें बेहतर और स्थायी स्वास्थ्य प्रदान करें। विश्व होम्योपैथी दिवस के इस खास मौके पर, मैं आप सभी से अपील करता हूं कि स्वास्थ्य के इस सौम्य और प्राकृतिक तरीके को अपनाएं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी ने रचा नया इतिहास- योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय में कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल-2026 (एनआईसी-2026)' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक गरीब मरीजों के इलाज के लिए 1400 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बदलती जीवनशैली पर चिंता जताते हुए कहा कि आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है। हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं- एक बचाव और दूसरी उपचार। बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज



बेहद जरूरी है। योगी ने बताया कि पिछले एक दशक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और लोहिया संस्थान में टेली-आईसीयू और टेली-कंसल्टेंसी सेवाओं का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल डिवाइस और फार्मा पार्क विकसित किए जा रहे हैं, जिससे इलाज सस्ता और सुलभ हो सके। आईआईटी के इंजीनियरों और डॉक्टरों के सहयोग से चिकित्सा उपकरणों का निर्माण कराया जाएगा, वहीं दवाओं के उत्पादन के लिए फार्मा पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

# हज यात्रियों के लिये विशेष ट्रेनिंग कैम्प 12 अप्रैल को

**किरतपुर (चिंगारी)।** जनपद बिजनौर से हज यात्रा 2026 पर जाने वाले यात्रियों के लिये 12 अप्रैल को एक विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक अवामी इमदादी सोसायटी, मंडावर रोड, किरतपुर में आयोजित होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में हज यात्रा से संबंधित आवश्यक अरकान (धार्मिक प्रक्रियाएं) एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया और सऊदी अरब द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जनपद के हज ट्रेनर मुख्तार अहमद अंसारी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने सभी चयनित हज यात्रियों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर हज यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करें, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित हो सके। प्रशासन ने इसे हज यात्रियों के लिए उपयोगी पहल बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

# सन्नी को लेकर हल्दौर पहुंची मध्य प्रदेश जीआरपी पुलिस

**हल्दौर (चिंगारी)। पूर्व सभासद व अंतर्राज्जीय शातिर चोर हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी को मध्य प्रदेश की जीआरपी पुलिस आज उसे अपने साथ लेकर हल्दौर थाने पहुंची और उससे सघन पूछताछ में लगी हुई है। जिससे नगर में तरह-तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म हो गया हैं।**

**मध्य प्रदेश के भोपाल जीआरपी के दरोगा मिथिलेश भारद्वाज की अगवाई में आज पांच सदस्य जीआरपी की टीम ट्रेनों में चोरी करने का शातिर चोर हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी को लेकर हल्दौर थाने पहुंची और थाने में आमद करवाकर उससे पूछताछ कर रही हैं। सूत्रो के अनुसार मध्य प्रदेश की जीआरपी की टीम सन्नी को साथ लेकर थाना पुलिस के सहयोग से उसकी निशानदेही पर नगर में छापामार कार्रवाई कर सकती हैं।**

# रात में बैलेंस खत्म होने पर नहीं कटेगी बिजली

## अवकाश में भी मिलेगी राहत- शर्मा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि स्मार्ट मीटर का बैलेंस रात में समाप्त होने पर बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। साथ ही अवकाश के दिनों में भी किसी उपभोक्ता का कनेक्शन विच्छेदित नहीं किया जाएगा, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। श्री शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समेत सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याएं प्रमुख मुद्दा रहीं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई जाए और उपभोक्ताओं के बीच किसी प्रकार की भ्रांति न रहे।

इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि जनता सर्वोपरि है और विद्युत व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध सेवा देना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय रहते बैलेंस समाप्त होने की सूचना दी जाए और स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए अलग काउंटर स्थापित किए जाए, ताकि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण हो सके। ऊर्जा मंत्री ने गर्मी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए ट्रांसफार्मर, फीडर और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को मजबूत करने तथा क्षमता वृद्धि के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर भी जोर दिया।

# सिर्फ स्लोगनों में कार्य कर रही भाजपा सरकार : शैलजा

## कांग्रेस की उत्तराखण्ड प्रभारी ने किया कार्यकर्ताओं को सम्बोधित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार केवल स्लोगनों में ही कार्य कर रही है। धरातल पर अभी भी जनता परेशानियों से जूझ रही है और आगामी चुनावों में सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है।

पांच दिन के उत्तराखंड दौरे के अंतर्गत कु. शैलजा कोटद्वार पहुंची। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व वन मंत्री डा. हरक सिंह रावत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी थे। शुक्रवार को उन्होंने भाबर क्षेत्र के अंतर्गत नींबूचौड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। भाजपा स्लोगनों के माध्यम से तो जनहित के कार्य करने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। कहा कि भाजपा सरकार ने पूर्व सैनिकों और वर्तमान में सेना के माध्यम से देश सेवा कर रहे नौजवानों के साथ धोखा किया है। अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश में हर स्तर पर माफिया का बोलबाला है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इसलिए जनता इस बार सत्ता परिवर्तन के मूड में है, कार्यक्रम में मौजूद लोगों की भीड़ इस बात को पक्का करती है।



कोटद्वार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करती कांग्रेस उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी कु. शैलजा।

पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार कोटद्वार का मूलभूत विकास करने में असफल रही है। इसलिए ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का हक नहीं है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा और प्रदेश सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाना होगा। पूर्व वन मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि जनता के आक्रोश को देखते हुए इस बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन तय है और हमें इसके लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। इससे पूर्व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का गुरूवार शाम को कोटद्वार पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार सुबह सभी वरिष्ठ नेताओं ने सिद्धबली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की।

कार्यक्रम में पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल, वर्तमान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व महापौर हेमलता नेगी, पूर्व ब्लाक प्रमुख गीता नेगी, रंजना रावत, विजयनारायण सिंह, प्रमोद रावत, बलबीर सिंह रावत और प्रेम सिंह पयाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एकाकी जीवन गुजार रहे बुजुर्ग के निधन पर पुलिस वालों ने किया अन्तिम संस्कार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कलालघाटी पुलिस चौकी क्षेत्र में झोपड़ी में एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे लगभग 85 वर्षीय बुजुर्ग साधुराम का निधन होने पर कलालघाटी चौकी में तैनात पुलिस कर्मियों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए धार्मिक विधि विधान से अंतिम संस्कार कराया। कोटद्वार कोतवाली के अंतर्गत सिडकुल क्षेत्र की कलालघटी पुलिस चौकी क्षेत्र के फैक्ट्री तिराहे पर झोपड़ी में 85 वर्षीय बुजुर्ग साधुराम एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती भी कराया था। बुजुर्ग साधुराम की देखभाल करने वाला कोई सगा संबंधी नहीं था। पुलिस को सूचना मिली कि साधु राम का निधन हो गया। सूचना मिलते ही चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, चमन कुमार, संजय पाल सिंह नेगी, अनिल राणा व रविंद्र भट्ट द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्थानीय नागरिकों के सहयोग से आगे बढ़कर 'बेटों का फर्ज' निभाते हुए धार्मिक विधि विधान के साथ बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया। पुलिस कर्मियों के इस कार्य की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ ही हर तरफ सराहना की जा रही है।

## नई समय सारिणी को लेकर रोष जताया शिक्षकों ने इसे तुगलकी फरमान बताया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ की दुगड्डा शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रदेश में विद्यालय संचालन के नए समय को तुगलकी फरमान बताया है। कहा कि इस संबध में संघ की ओर से शीघ्र विरोध दर्ज कराया जायेगा। इस संबंध में की आयोजित बैठक में अध्यक्ष दीपक नेगी ने कहा कि विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन न्यायोचित नहीं है। कहा कि प्रदेश की भौगोलिक स्थितियां भिन्न हैं। छात्रों को लंबा रास्ता तय कर विद्यालय पहुंचना पड़ता है। साथ ही रास्ते में छात्रों को जंगली जानवरों का भी भय बना रहता है। कहा कि पूर्व के उच्चाधिकारियों द्वारा विद्यालय संचालन का समय सोच समझकर तय किया गया था, इसलिए इसमें परिवर्तन उचित नहीं है। कहा कि समय परिवर्तन पर विभागीय अधिकारियों द्वारा शीघ्र पुनर्विचार नहीं किया गया तो संघ द्वारा इसका विरोध किया जायेगा। बैठक में शाखा मंत्री विनय रावत, प्रभाकर बमराड़ा, नीलम चौधरी, भाष्कर भारद्वाज और प्रशांत कुमार सहित शाखा से जुड़े अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## शराब पीकर नदी में हुड़दंग मचाते पांच थमे



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्रांतर्गत दुगड्डा में जुआ पुल के पास नदी में शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे पांच लोगों का 81 पुलिस एक्ट व एक का एमवी एक्ट में चालान व कार को सीज कर दिया गया। दुगड्डा चौकी इंचार्ज केडी शर्मा ने बताया कि कल चैकिंग के दौरान जुआ पुल के पास नदी में कुछ लोग शराब का सेवन कर हुड़दंग मचा रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया और सभी का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर किया गया। पकड़े गए लोगों में सागर, करण, दीपक नीरू सभी सोनीपत व यमन रोहतक शामिल थे। इसके अलावा क्षितिज पुत्र धर्मराज निवासी सोनीपत के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कार को सीज किया गया है।

## कण्वघाटी महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी के कला संकाय विभागीय परिषद की ओर से छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का आरंभ करते हुए प्राचार्य हरिश्चंद्र ने कहा कि सभी छात्रों को पढ़ने के साथ ही महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करना चाहिए। इससे छात्रों का मानसिक विकास होता है। तत्पश्चात वर्तमान परिदृश्य में युद्ध के सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव शीर्षक पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अंशिका, शिखा, गरिमा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में गरिमा लखेड़ा व स्वाति ने प्रथम, वंदना व सिया ने द्वितीय व आकृति व अर्पिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में दिव्यांशु, संतोषी, गौरव जखमोला क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। समूह नृत्य प्रतियोगिता में वंदना, श्वेता, सिया और आरती की टीम ने प्रथम, मनीषा भास्कर, सिया रावत और वंदना की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डा. इंदु, प्रो. विमल, डा. कविता, डा. गीता और डा. अंजू सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## स्वामी नारायण आश्रम में त्रिदिवसीय योग महोत्सव का समापन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के गांवों का देवभूमि दिव्य ग्राम के रूप में विकास, पलायन रोकने, रिवर्स पलायन के जनजागरण के संकल्प के साथ तीन दिवसीय योग महोत्सव का आज स्वामी नारायण आश्रम ऋषिकेश में समापन हुआ।

### योग हैरिटेज वॉक निकाला

मुख्य अतिथि ऋषिकेश विधायक डा. प्रेम चंद्र अग्रवाल ने योग को निराशा में आशा की एक किरण बताते हुये नियमित योगाभ्यास का आहवान किया और उत्तराखंड के गांवों का योग और आयुर्वेद ग्रामों के रूप में विकास को राज्य के चहुमुखी विकास के लिए जरूरी बताया। विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज ने उत्तराखंड के गांवों में अधिक से अधिक गौ पालन बद्री नस्ल की गायों का संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। स्वामी नारायण आश्रम के परमाध्यक्ष सुनील भगत ने दून योगपीठ के अभियान की सराहना करते हुए



देवभूमि उत्तराखंड को योगभूमि उत्तराखंड बनाने का आहवान किया अभियान प्रणेता योगाचार्य डा. बिपिन जोशी ने बताया संस्कार परिवार देवभूमि ट्रस्ट देहरादून, महामंडलेश्वर ईश्वर दास जी महाराज की कृष्णायन गौशाला, स्वामी सुनील भगत जी का स्वामी नारायण आश्रम परिवार मिलकर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राज्य के गांवों का देव भूमि दिव्य ग्रामों के रूप में विकास करने का प्रयास करेंगे। स्वामी नारायण आश्रम से 84 कुटिया तक योग हैरिटेज वॉक भी निकाला गया जिसे स्वामी सुनील भगत जी और महायोगी जीतानंद जी महाराज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। योग साधकों ने 84 कुटिया में ध्यान और योगाभ्यास किया। महायोगी जीतानांद जी महाराज ने ने कठिन से कठिन योगाभ्यास कर सभी को आश्चर्यचकित किया, छोटे छोटे बच्चों ने भी कठिन से कठिन आसनों के माध्यम से लोगों को योग के लिए प्रेरित किया। नन्हे योगियों से लेकर 75 साल तक के बुजुर्गों ने बहुत अच्छे आसनों का प्रदर्शन किया योग प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में विजयी बच्चों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र, मेडल, पुष्प माला, अंगवस्त्र आदि पहनाकर सम्मानित किया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# सूर्यवंशी का एक और क़हर

## राजस्थान रॉयल्स की लगातार चौथी जीत

**गुवाहाटी ( एजेंसी/चिंगारी )।** ध्रूव जुरेल ( नाबाद 81 ) और वैभव सूर्यवंशी (78) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) 2026 के 17वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 12 गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी।

आरआर की टूर्नामेंट में यह लगातार चौथी जीत है और वह आठ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। आरआर ने 18 ओवरों में चार विकेट पर 202 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। ध्रूव जुरेल ने 43 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 81 रनों की मैच विजयी पारी खेली। रवींद्र जडेजा 25 गेंदों में 24 रन बनाकर नाबाद रहे।



202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल (13) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ध्रूव जुरेल ने वैभव सूर्यवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये तूफानी अंदाज में 108 रन जोड़े।

नौवें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने वैभव सूर्यवंशी को आउटकर आरसीबी को बड़ी सफलता दिलाई। वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 78 रनों की विस्फोट पारी खेली। अगली ही गेंद पर क्रुणाल ने शिमरॉन हेटमायर (शून्य) का शिकार कर लिया। अगले ओवर में जॉश हेजलवुड ने कप्तान रियान पराग (तीन) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। पांच रन जोड़कर तीन विकेट गंवा कर संकट में फंसी आर आर को रवींद्र जडेजा ने ध्रूव जुरेल के साथ संभाला और टीम को जीत के अंजाम तक पहुंचाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 68 रनों की अविजित साझेदारी हुई।


**नौकरी का अवसर- बिजनौर**

बिजनौर के एक प्रतिष्ठित अस्पताल के लिए Accounts Department में कार्य करने हेतु योग्य Female Staff की आवश्यकता है।

पद- अकाउंट्स स्टाफ (अनुभव- 2 से 5 वर्ष)
योग्यता- B.Com / M.Com / MBA
वेतन- अनुभव के अनुसार (Attractive Salary)
आवश्यक कौशल :
अकाउंटिंग का अच्छा ज्ञान
कंप्यूटर एवं Tally / Excel / Accounts Software की जानकारी
जिम्मेदार, ईमानदार एवं मेहनती कार्यशैली, कार्य स्थान- बिजनौर

इच्छुक उम्मीदवार अपना Resume भेजें या नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें
मो. 9258543665, 8650007010
सीमित पद- योग्य उम्मीदवार जल्द संपर्क करें।



**आवश्यकता है**

ABC/M.M.Inter College Mandawar में हाईस्कूल, इण्टर को हिन्दी सा. विषय, Commerce पढ़ाने हेतु Trained अनुभवी Teachers की।
साक्षात्कार:- 13, 14 अप्रैल समय 11 से 2 बजे
सम्पर्क- 8869036262



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर


## 1700 करोड़ के पार 'धुरंधर'



### महाकाल के दर पहुंचीं सारा अर्जुन, भस्म आरती में हुई शामिल

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2 द रिवेंज' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी के नये झंडे गाड़ रही है। रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म की जबरदस्त सफलता ने युवा एक्ट्रेस सारा अर्जुन को रातों-रात फिल्म इंडस्ट्री का नया चमकता सितारा बना दिया है। इस बड़ी कामयाबी के बाद सारा अर्जुन बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचीं। दरअसल आज का दिन सारा अर्जुन के लिए बेहद खास रहा, वह अपनी मां का जन्मदिन मनाने के लिए विशेष रूप से उज्जैन पहुंचीं। इस मौके पर उन्होंने विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में माथा टेका और पूजा-अर्चना की। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की कई तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसमें वह पूरी तरह भक्ति के रंग में डूबी नज़र आ रही हैं। अपनी इस मंदिर यात्रा के दौरान सारा अर्जुन ने पारंपरिक गुलाबी रंग की साड़ी पहनी थी, जिसमें वह बेहद हमेशा की तरह खूबसूरत लग रही थीं, उन्होंने मंदिर की प्रसिद्ध भस्म आरती में भी हिस्सा लिया।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
TRULY FANTASTIC fybros
Breezalit
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928